पटना ● शनिवार, 18 मई 2024 | मूल्यः 5:00, पृष्ठः 8 | वर्षः 5, अंकः132 | www.bordernewsmirror@gmail.com ☎ 9471060219, 9470050309

BORDER NEWS MIRROR
BNM
to the point...
राष्ट्रीय द्विभाषिक समाचार पत्र

# बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"



सदर अस्पताल में अत्याधुनिक... 3 | www. bordernewsmirror.com | धोनी के बारे में बोली... 8

## कांग्रेस और टीएमसी में 'इंडिया' को लेकर छिड़ी रार

● ममता बोलीं-हम राष्ट्रीय स्तर पर साथ हैं और आगे भी साथ रहेंगे

**कोलकाता (एजेंसी)।** सत्ता में आने पर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को बाहर से समर्थन देने की घोषणा के एक दिन बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यू-टर्न ले लिया है। गुरुवार को ममता बनर्जी ने कहा कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर



भाजपा विरोधी गठजोड़ का हिस्सा है और आगे भी रहेगी। तमलुक में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पश्चिम बंगाल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और कांग्रेस के साथ गठबंधन में नहीं है। वहीं पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने ममता बनर्जी पर हमला बोला है। बनर्जी ने कहा, ''कुछ लोगों ने कल के मेरे बयान को गलत समझा है।

## पहले कॉलर पकड़ा, फिर जमीन पर पटका, बूट से कुचलने लगा सीना

**नालंदा (एजेंसी)।** तीन दिन पहले बिहार के नालंदा जिले के सिलाव थाना के दारोगा और जवानों का मैकेनिक के साथ मारपीट का मामला ठंडा भी नहीं हुआ है कि अब बिहारशरीफ के लहेरी थाना इलाके के धनेश्वरघाट मोहल्ला में 112 वाहन पर तैनात जवान का बीच सड़क युवक की बेरहमी से पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो सामने आने के बाद नगर थानाध्यक्ष



ने कहा कि बच्चों के बीच हो रहे विवाद को सुलझाने के लिए पुलिस गई थी। वायरल वीडियो में कंधे पर पिट्ठू बैग और आर्मी का वर्दी पहना एक शख्स युवक के गले का गमछा पकड़ कर पहले तो लप्पड़-थप्पड़ कर रहा है, उसके बाद कई बार उसे जमीन पर पटक-पटक कर पीटता दिख रहा है। इतने से भी जब उसका मन नहीं भरा तो जमीन पर पटककर बूट से सीने पर कई बार वार करते दिख रहा है। इसके बाद वह शख्स अपने सहकर्मी को लेकर बुलाया। थोड़ी देर में 112 आपात वाहन पहुंची।

## शाह बोले-केजरीवाल जहां जाएंगे, शराब घोटाले की याद दिलाएंगे

● संविधान बदलने का बहुमत हमारे पास 10 साल से है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से पहले गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के शराब नीति केस को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि केजरीवाल प्रचार के लिए जब भी जहां भी जाएंगे, लोगों को शराब घोटाला याद आएगा। कई लोगों को तो बड़ी बोतल



दिखेगी। विपक्ष के संविधान बदलने वाले बयान पर अमित शाह ने एक इंटरव्यू में कहा-संविधान बदलने का बहुमत हमारे पास 10 साल से है। हमें 400 सीटें चाहिए, क्योंकि देश में राजनीति में स्थिरता लाना चाहते हैं, क्योंकि देश की सीमाओं को सुरक्षित रखना है। हमने 10 सालों में अनुच्छेद 370 को निरस्त किया, तीन तलाक को खत्म किया, राम मंदिर बना, ष्ष्ट लेकर आए। बहुमत के दुरुपयोग करने का इतिहास हमारी पार्टी का नहीं है। बहुमत का दुरुपयोग इंदिरा गांधी के समय में कांग्रेस ने किया था। केजरीवाल पर शाह ने तीखी प्रतिक्रिया दी है।

# मंगल ग्रह पर अगले 30 सालों में बसेगी नई सभ्यता



### बनेंगे कई बड़े शहर, एलन मस्क ने कर दी भविष्यवाणी

वाशिंगटन (एजेंसी)। मंगल ग्रह तक पहुंचना इंसान के लिए स्वप्न रहा है। आज भी पृथ्वी के करीब के इस ग्रह के रहस्यों को जानने की उत्सुकता इंसान में बरकरार है। इस बीच तकनीक की दुनिया के दिग्गज एलन मस्क ने भविष्यवाणी की है कि अगले 30 सालों में मंगल ग्रह पर शहर बस जाएंगे। इनमें लोग रहा करेंगे। यह उस कल्पना के साकार होने जैसा होगा, जिसमें लोग कहते हैं कि अब मंगल और चांद पर भी कॉलोनियां बसेंगी। स्पेसएक्स के फाउंडर मस्क ने एक्स प्लेटफॉर्म पर अपने एक फॉलोवर के ट्वीट का जवाब देते यह बात कही। एलन मस्क ने कहा कि हम मंगल ग्रह पर उतरने से बस कुछ ही साल दूर हैं। उन्होंने कहा कि अगले 5 साल में चालक दल से इतर भी लोगों को भेजेंगे। 10 साल में जमीन पर रहने वाले लोगों को मंगल पर पहुंचाएंगे। अगले 20 साल में एक शहर और निश्चित रूप से 30 साल में सभ्यता बनाने में कामयाब होगें। मस्क द्वारा की गई नवीनतम अंतरिक्ष भविष्यवाणियों पर उनके फॉलोअर्स चर्चा कर रहे हैं और अपनी प्रतिक्रिया दे रहे है। एक प्रशंसक ने ट्वीट किया इतने सारे लोगों के लिए यह एक अकल्पनीय... उम्मीद है मैं प्रगति देखने के लिए 10 साल और जीवित रहूंगा। एक अन्य ने कहा एआई, वीआर और अब मंगल। मैंने अपने जीवनकाल में इनमें से किसी के घटित होने की उम्मीद नहीं की थी। अब यह बहुत अविश्वसनीय है। तीसरे ने कहा वाह! प्रभावशाली। मैं संभवतः 30 तक यहां नहीं रहूंगा लेकिन मैं अगले जन्म से देखूंगा! जबकि चौथे ने कहा हममें से अधिकांश लोग इन लक्ष्यों को हासिल करने का अनुभव करेंगे। यह रोमांचक है। मस्क ने स्पेसएक्स की नींव 2002 में रखी थी। यह कंपनी लिक्विड प्रोपेलेंट रॉकेट को कक्षा में भेजने और अंतरिक्ष यात्रियों को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचाने वाली पहली निजी कंपनी बनी। इसकी स्थापना से एक साल पहले मस्क ने अपने मार्स ओएसिस प्रोजेक्ट के साथ लाल ग्रह को हरा-भरा बनाने की योजना की रूपरेखा बना ली थी। एलन मस्क अकसर अंतरिक्ष को लेकर भविष्यवाणियां करते हैं और लोग उनकी टिप्पणियों को गंभीरता से लेते रहे हैं। उनके करीब 183 फॉलोअर्स हैं, जो उनकी टिप्पणियों पर चर्चा करते हैं।



# अब खटाखट का 'रेला', 5वें चरण में होगा बड़ा 'खेला'

● पीएम मोदी के वार पर राहुल गांधी और अखिलेश का पलटवार ● यूपी में पंजे और साइकिल के सपने टूट गए खटाखट-खटाखट

### यूपी के फतेहपुर में पीएम मोदी का अखिलेश-राहुल पर बड़ा हमला



नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान को धार देने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी शुक्रवार को यूपी पहुंचे। यहां पर उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा है। पीएम ने कहा कि पंजे और साइकिल के सपने टूट गए, खटाखट खटाखट। अब 4 जून के बाद की प्लानिंग हो रही है कि हार का ठीकरा किसके सिर पर फोड़ा जाए, खटाखट खटाखट। इतना ही नहीं, पीएम ने कहा कि मुझे तो कोई बता रहा था कि विदेश यात्रा का टिकट भी बुक हो गया है, खटाखट खटाखट। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैंने यह कहा था कि शहजादा वायनाड से भाग जाएंगे और अमेठी की ओर जाने की हिम्मत नहीं करेंगे। यह सच हो गया। अब अपना सम्मान बचाने के लिए कांग्रेस ने मिशन-50 का फैसला किया है। इसके लिए भानुमती के कुनबे में हवा भरने की कोशिश हो रही है, लेकिन जिस इंडिया गठबंधन की गाड़ी का टायर पहले दिन से पंक्चर हो जाएगा वो कितना आगे जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि माफियाओं के लिए समाजवादी पार्टी का प्यार अभी खत्म नहीं हुआ है। उनके पार्टी प्रमुख माफिया की कब्र पर फातिहा पढ़ रहे हैं।

## 5 जून को महिलाओं के एकाउंट में आएंगे एक लाख खटाखट

### राहुल गांधी का बड़ा दावा, अखिलेश का स्मृति ईरानी पर हमला

**अमेठी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के अमेठी लोकसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार केएल शर्मा के पक्ष में इंडिया गठबंधन की संयुक्त रैली हुई। रैली के मंच पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अखिलेश यादव मौजूद रहे। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अमेठी से अपना नाता बताते हुए कहा कि 4 जून को सरकार बनते ही गरीब महिलाओं के खाते में एक लाख रुपये जमा कराएंगे। वहीं, फूड पार्क बनाने की बात एक बार फिर कही। राजीव गांधी से केएल शर्मा के संबंधों जिक्र करते उन्होंने कहा कि इन्हें जिताएं। मैं भले रायबरेली का सांसद रहूं, अमेठी से मैं दिल से जुड़ा हूं। इंडिया गठबंधन के मंच से समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने



कांग्रेस उम्मीदवार केएल शर्मा के पक्ष में वोट मांगा। साथ ही, मंच से भाजपा उम्मीदवार स्मृति ईरानी पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा उम्मीदवार अमेठी की स्मृति (यादों) में रह जाएंगी। चुनाव के बाद स्मृति ईरानी अमेठी से अपना बोरिया-बिस्तर समेट कर मुंबई रवाना होने वाली हैं। अमेठी के लोगों ने यह तय कर लिया है। सपा और कांग्रेस की ताकत इस बार एकजुट होकर विधानसभा सीट पर दिखने वाली है। राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी पर अमेठी में बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनते ही 4 जून को अग्निवीर योजना कूड़ेदान में फेंक देंगे।

## भारत के विकास पर अब यूएन ने भी लगाई मुहर

### यूएन बोला-चीन से ज्यादा पसंद कर रहे निवेशक

जिनेवा (एजेंसी)। संयुक्त राष्ट्र ने भारत में विदेशी निवेश बढ़ने की बात कही है। साथ ही यूएन का यह भी कहना है कि पश्चिमी देशों की कंपनियों के लिए भारत पहली पसंद बन गया है, जिसके चलते भारत की आर्थिक प्रगति काफी अच्छी हुई है। इस दौरान 2024 के सकल घरेलू उत्पाद से जुड़े आंकड़े भी जारी किए गए। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था इस साल 7 फीसदी की रफ्तार से बढ़ सकती है। गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग के प्रमुख हामिद राशिद ने कहा कि भारत को अन्य पश्चिमी स्त्रोतों से भारत में आने वाले अधिक निवेश से भी लाभ हो रहा है।

### अमेरिकी सांसद बोले-

## भारत मानवाधिकारों पर लेक्चर नहीं सुनेगा

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका में भारतीय मूल के सांसदों का कहना है कि वे भारत के साथ मानवाधिकारों का मुद्दा उठाते रहेंगे। हालांकि, भारत उन पर काम नहीं करेगा। अमेरिका में गुरुवार को देसी डिसाइड्स नाम की एक समिट हुई। इसमें अमेरिकी चुनाव में भारतवंशियों के प्रभाव को लेकर चर्चा हुई। इसी दौरान सांसद आर ओ खन्ना ने कहा कि अमेरिका को मनवाधिकारों के मुद्दों पर भारत की लीडरशिप से बात करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत पर 100 साल तक विदेशी हुकूमत का राज था। तो जब आप भारत को मानवाधिकारों पर लेक्चर देंगे तो वो आपकी बात नहीं सुनेंगे। समिट में भारतवंशी सांसदों से पीएम मोदी और मुस्लिम समुदाय के साथ उनके संबंधों पर सवाल किया गया था। आर ओ खन्ना ने कहा कि भारत लेक्चर सुनने की बजाय तब अपने लोकतंत्र की खामियों को सुधारेगा, जब अमेरिका भी अपनी गलतियों को स्वीकार करेगा। उन्होंने कहा कि भारत से बात करने का यही अच्छा तरीका है।

# स्वाति मालीवाल से मारपीट, वीडियो मिलने का दावा

● एफआईआर में केजरीवाल के पीए पर लगाए कई गंभीर आरोप ● स्वाति ने कहा-मेरी शर्ट खींची, बटन खुले, पेट पर लात मारते रहे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली सीएम आवास पर एएपी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से बदसलूकी और मारपीट का शुक्रवार को एक वीडियो सामने आया। दावा किया जा रहा है कि यह सीएम आवास का है। मारपीट के बाद स्वाति सोफे पर बैठी हैं। बिभव बाहर निकले और दिल्ली पुलिस की तरफ से तैनात सिक्योरिटी पर्सनल को अंदर भेजा। बिभव ने स्टाफ से कहा कि स्वाति मालीवाल को बाहर निकाला जाए। स्वाति मालीवाल ने केजरीवाल के आवास पर हुए हमले को लेकर सीसीटीवी फुटेज जांच की मांग की है।

मालीवाल ने कहा है कि एक दिन सबका सच सामने आ जाएगा। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा है कि वह खुद को बचाने की कोशिश में जुट गया है, लेकिन एक दिन सबकी सच्चाई दुनिया के सामने आएगी। स्वाति मालीवाल ने



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, हर बार की तरह इस बार भी इस राजनीतिक हिटमैन ने खुद को बचाने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। अपने लोगों से ट्वीट्स करवाके, आधी बिना संदर्भ की वीडियो चलाके, इसे लगता है यह इस अपराध को अंजाम देके खुद को बचा लेगा। कोई किसी को पीटते हुए वीडियो बनाता है भला। घर के अंदर की और कमरे की सीसीटीवी फुटेज की जांच होते ही सत्य सबके सामने होगा। जिस हद तक गिर सकता है गिर जा, भगवान सब देख रहा है। एक ना एक दिन सबकी सच्चाई दुनिया के सामने आएगी। उन्होंने साफ नहीं किया है कि आखिर यह हिटमैन कौन है।

स्वाति मालीवाल की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय पर सामने आई जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें दिख रहा है कि एक महिला सोफे पर बैठी हैं और उनके आसपास कुछ गार्ड हैं। उनके बीच बहस हो रही है। दावा किया जा रहा है कि यह वीडियो 13 मई का है और केजरीवाल के आवास के भीतर का है। हालांकि, हमारा अखबार इस वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।

## ट्रक में घुसी यूपी रोडवेज की बस, 5 महिलाओं की मौत

### 12 लोग घायल, भरतपुर में नेशनल हाईवे पर हुआ हादसा

**भरतपुर (एजेंसी)।** भरतपुर के हलैना के पास नेशनल हाईवे पर जयपुर जा रही बस आगे चल रहे ट्रक में घुस गई। इस भीषण सड़क हादसे में 5 महिलाओं की मौत हो गई। 12 यात्री घायल हो गए हैं। हलैना थाना इंचार्ज बृजेंद्र शर्मा ने बताया- हादसा दोपहर 1.30 बजे हुआ। घायलों को हलैना हॉस्पिटल लेकर गए। 13 में से 8 घायलों को भरतपुर के आरबीएम हॉस्पिटल रेफर किया गया है। 5 घायलों का इलाज हलैना हॉस्पिटल में चल रहा है। भरतपुर में इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई। हादसे में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।



बस के ड्राइवर और कंडक्टर घायल हैं। ट्रक ड्राइवर फरार है। बस उत्तर प्रदेश (यूपी) परिवहन के अलीगढ़ डिपो की है। बस अलीगढ़ से जयपुर जा रही थी। ट्रक भी जयपुर की तरफ जा रहा था। उसमें लकड़ियां भरी हुई थीं। हादसे में 12 यात्री घायलः निक्की जाट (28), रामू (35), संतोष (45), सूर्यप्रताप (21), राजू (27), मोहित (32), पप्पू (45), जीतेंद्र (25), अवनीश (35), तेजवीर (32), सुमित (26), एक बच्ची (3), एक बच्चा (1) पांच महिलाओं के शव हलैना सीएचसी की मॉर्च्युरी में रखवाए गए हैं।

### रक्षा प्रतिष्ठान मामला

## गोपनीय जानकारी इकट्ठा करने के मामले में बड़ा ऐक्शन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने रक्षा प्रतिष्ठानों से जुड़ी गोपनीय जानकारी इकट्ठा करने के मामले में बड़ा ऐक्शन लिया है। भारतीय नौसैन्यकर्मियों को मोह पाश में फांसने की पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी की साजिश के मुख्य आरोपी अमान सलीम शेख के खिलाफ आरोप पत्र दायर हुआ है। आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। एनआईए की ओर से शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया कि जांच ऐजेंसी ने शेख को पिछले वर्ष 20 नवंबर को मुंबई से गिरफ्तार किया था। आतंकवाद रोधी एजेंसी ने विशाखापत्तनम में एनआईए की विशेष अदालत में शेख के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम के तहत पूरक आरोप पत्र दायर किया था। एनआईए के अनुसार, सलीम शेख को उन सिम कार्ड को सक्रिय करने में शामिल पाया गया था।

## चारों धामों के पास अब सभी मोबाइल फोन पर लगा बैन

● रील या वीडियो बनाना भी पड़ेगा भारी, सख्त ऐक्शन की तैयारी

**देहरादून (एजेंसी)।** केदारनाथ-बदरीनाथ, गंगोत्री समेत चारों धामों के



मंदिर परिसरों के 50 मीटर के दायरे में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। धामों में रील बना कर भ्रामक सूचनाएं फैलाने वालों के खिलाफ सीधे एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। ऐसे में धामों में अब श्रद्धालु न मोबाइल का इस्तेमाल कर पाएंगे और न ही सोशल मीडिया प्लेटफार्म के लिए रील बना पाएंगे। मुख्य सचिव ने गुरुवार को सचिव पर्यटन को निर्देश जारी करते हुए आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने को कहा है। मुख्य सचिव ने कहा कि चारधाम में इस बार पिछले सालों की तुलना में कहीं अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ आ रही है। इस बढ़ती भीड़ के कारण धामों में दिक्कतें न हों, इसके लिए भीड़ को नियंत्रित किया जा रहा है। धामों में मंदिर परिसर में मोबाइल बैन रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दूसरे दिन भी मुंबई भेजी गयी शाही लीची की खेप

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुंबई के कुर्ला बाजार में शुक्रवार से मुजफ्फरपुर की शाही लीची उपलब्ध हो जाएगी। गुरुवार को भी 60 पेटी शाही लीची मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनल 11062 पवन एक्सप्रेस से भेजी गई है। इसके अलावा दिल्ली के लिए भी बिहार संपर्क क्रांति से करीब 50 पेटी लीची भेजी गयी है। मुंबई लीची भेजने के लिए रेलवे 20 को पार्सल वैन उपलब्ध कराएगा। मालूम हो कि गत वर्ष नौ मई से लीची की खेप भेजी गयी थी, जो 16 जून तक चला था। इस बार एक सप्ताह विलंब से खेप भेजी गयी है।

### 10 दिनों तक बदले मार्ग से चलेगी राजधानी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** पूर्वोत्तर रेलवे के रंगिया मंडल के बरपेटा रोड-पाठशाला रेलखंड पर दोहरीकरण कार्य को लेकर एनआई कार्य होना है। इस वजह से मुजफ्फरपुर के रास्ते चलने वाली 20503/04 राजधानी एक्सप्रेस का परिचालन बदले रूट से किया जाएगा। नई दिल्ली से खुलने वाली 20504 नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस 18, 20, 21, 22, 24, 25, 27, 28, 29 एवं 31 मई को न्यू बंगाईगांव जं.-गोवालपारा टाउन-कामाख्या के रास्ते चलायी जाएगी। वहीं डिब्रूगढ से 1 जून को खुलने वाली 20503 डिब्रूगढ़-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस को कामाख्या-गोवालपारा टाउन-न्यू बंगाईगांव जंक्शन के रास्ते चलायी जाएगी। इसके अतिरिक्त गुवाहाटी से 22 एवं 29 मई को खुलने वाली 15653 गुवाहाटी-जम्मूतवी अमरनाथ एक्सप्रेस भी इसी रूट से चलेगी। इसकी जानकारी पूमरे के सीपीआरओ सरस्वती चंद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है।-

### पूर्णिया में ट्रेन की चपेट में आने से युवक की :रेल पटरी पार करने के दौरान हुआ हादसा, शव की पहचान में जुटी पुलिस



**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हादसे में जान गंवाने वाले युवक की पहचान नहीं हो सकी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा रेल पटरी क्रॉस करने के दौरान हुआ। घटना जानकीनगर के मधुबन शर्मा टोली ढाला के समीप की है। हादसे के बाद स्थानीय लोग मौके पर जुटे। पुलिस को कॉल कर घटना की सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जीएमसीएच पूर्णिया भेज दिया है। घटना की जानकारी देते हुए स्थानीय लोगों ने कहा कि पूर्णिया -सहरसा रेलखंड के जानकीनगर रेलवे स्टेशन से पश्चिम मधुबन शर्मा टोली ढाला के समीप 30 वर्षीय युवक रेलवे क्रॉसिंग पार कर रहा था। तभी बनमनखी से पूर्णिया की ओर जा रही ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर जुटे और घटना की सूचना के नगर थाना की पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची आरपीएफ ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है और पोस्टमॉर्टम के लिए जीएमसीएच पूर्णिया भेज दिया है। मृतक का चेहरा क्षत-विक्षत हो जाने से शव की पहचान नहीं हो सकी है।

### पुलिस ने जब्त की शराब

**आरा, एजेंसी।** शाहपुर, करनामेपुर और बहोरनपुर थानों की पुलिस ने अलग-अलग जगहों से शराब धंधेबाजों को शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शाहपुर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर कुमार रजनीकांत ने 5.5 लीटर देसी शराब के साथ शाहपुर के सूरज ततवा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। करनामेपुर थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने 12 कार्टन अंग्रेजी शराब के साथ एक को गिरफ्तार का जेल भेज दिया। पुलिस ने अंग्रेजी शराब के साथ एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है। वहीं बहोरनपुर थानाध्यक्ष अभय शंकर सिंह ने शिवपुर चेकपोस्ट के पास से मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोगों गौरा के सुरेंद्र साह, गोविंदपुर के सोनू प्रसाद और पहरपुर के सुनील चौधरी को अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## पेड़ से टकराई कार; दोनों के मुंडन संस्कार के लिए देवघर जा रहा था परिवार

# जमुई में जुड़वा भाई-बहन समेत 3 की मौत, 6 घायल





**जमुई, एजेंसी।** जमुई में शुक्रवार सुबह करीब चार बजे एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि चालक को नींद आने से हादसा हुआ। कार में कुल 9 लोग सवार थे, जिसमें से 6 घायल हुए हैं। मृतकों में जुड़वा भाई-बहन और एक महिला है। दोनों बच्चों के मुंडन संस्कार में परिवार देवघर जा रहा था। घायलों को देवघर रेफर किया गया है। सभी लोग आरा के नवादा गांव से देवघर जा रहे थे। इसी बीच चकाई देवघर मुख्य मार्ग के बसबुटिया गांव स्थित राधाकृष्ण ढाबा के समीप घटना हो गई। मृत बच्चों की पहचान नागेंद्र कुमार के बेटे अभिनंदन (5) और बेटी नंदनी कुमारी (5) के रूप में हुई है। वहीं, महिला की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

नागेंद्र राम अपने दोनों जुड़वा बच्चों अभिनंदन और नंदनी कुमारी का मुंडन कराने के लिए देवघर बाबाधाम जा रहे थे। रास्ते में चालक को नींद आ गई। जिसके कारण कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। घायलों में मीना कुमारी पति बजरंजी यादव, आनंद कुमार पिता छट्ठू यादव, बाबूनी देवी (60), चालक रोहित कुमार और पिता नागेंद्र कुमार के रूप में हुई है।

### परिजनों को हादसे की सूचना दी गई है

चंद्रमंडी थाना अध्यक्ष सुबोध यादव ने बताया कि घटना 4:00 बजे सुबह की है। घायलों को देवघर भेजा गया है। एक घायल को जमुई सदर अस्पताल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### तरारी में प्रभार को ले दो शिक्षक आपस में भिड़े

**आरा/तरारी, एजेंसी।** प्रखंड के खरौना उत्क्रमित मध्य विद्यालय में प्रभार को ले गुरुवार को दो शिक्षक आपस में भिड़ गये। दोनों शिक्षकों के बीच झड़प से भी विद्यालय परिसर कुछ देर के लिए रणक्षेत्र बन गया। हल्ला-हंगामा सुन कर आसपास के दर्जनों ग्रामीण जुट गये। ग्रामीणों की ओर से झगड़े की सूचना बीईओ और तरारी पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर बीईओ ओमप्रकाश और थानाध्यक्ष पीके भास्कर पहुंचे। प्रभारी प्रधानाध्यापक हरेंद्र राय ने बताया कि सीनियर शिक्षक आलोक कुमार सिंह बगैर सूचना दिये दो अप्रैल से ही स्कूल से गायब रहते हैं। बार - बार विभागीय शिकायत करने पर बीईओ ने आलोक कुमार सिंह की तीन दिन की हाजरी काटी थी। दो माह बाद गुरुवार को आलोक कुमार सिंह शिक्षक स्कूल में पहुंचते ही अपने खिलाफ कार्रवाई देख आक्रोशित हो गये। झड़प करते हुए तत्काल प्रभार सौंपने के लिए दबाव बनाने लगे। वहीं शिक्षक आलोक कुमार सिंह ने बताया कि खरौना गांव के ही हरेंद्र राय प्रभारी शिक्षक होने के वजह से अपने मेल वाले कुछ ग्रामीण व प्रतिनिधियों की शह पर मेरी वरीयता के बाद भी प्रभार देने में टालमटोल करते रहे।



## केंद्रीय विद्यालय में 20 मई से 11 वीं में एडमिशन

**नालंदा, एजेंसी।** आयुध निर्माणी नालंदा ,राजगीर परिसर में स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में कक्षा 11 वीं की नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। यहां विज्ञान एवं कॉमर्स संकाय उपलब्ध है। इसी विद्यालय से उत्तीर्ण छात्र 22 मई तक तथा अन्य विद्यालय के छात्र 20 मई से 25 मई तक विद्यालय में सुबह 9:00 बजे से दोपहर के 1:00 बजे तक ऑफलाइन आवेदन कर सकते है।

**क्या बोले प्राचार्य :** आवेदन फार्म विद्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है। विद्यालय के प्राचार्य विवेक किशोर ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय,विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक है। पीएम श्री विद्यालय के अन्तर्गत आने के बाद इसकी महत्ता और भी बढ़ गई है। यहां सभी विषयों के योग्य,अनुभवी एवं प्रशिक्षित शिक्षक कार्यरत है। उसके साथ साथ विद्यालय में अलग अलग प्रयोगशालाएं ,अटल टिंकरिंग लैब,कंप्यूटर लैब,खेल के मैदान तथा अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध है।

बाल वाटिका-3 और प्रथम की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। तथापि अनुसूचित जन जाति के लिए एक-एक सीट रिक्त है। इच्छुक अभ्यर्थी विद्यालय में इस माह के अंत तक संपर्क कर सकते है। सोमवार को सीबीएसई द्वारा घोषित 10 वीं एवं 12 वीं के रिजल्ट में विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है।

## अपराधियों ने आलू कारोबारी की गोली मारकर हत्या

**दुकान बंद कर बेटे के साथ लौट रहे थे घर, बाइक से पीछा कर की फायरिंग**



**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के जगदीशपुर क्षेत्र के बिहियाङ्कजगदीशपुर मुख्य मार्ग त्रिमूर्ति टोला के समीप गुरुवार की रात बाइक सवार हथियारबंद अपराधियों ने चलती ऑटो पर सवार एक आलू कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक को काफी करीब से बाएं साइड पीठ और कंधा के नीचे गोली मारी गई है। घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार अपराधी हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए। वही अपराधियों की संख्या तीन बताई जा रही है घटना को लेकर आसपास की इलाके में सनसनी मच गई है। घटना की सूचना मिलते ही जगदीशपुर थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। इसके पश्चात पुलिस अपराधियों की पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुट गई है। मृतक जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर वार्ड नंबर 13 निवासी स्व.हीरा लाल साह के 59 वर्षीय पुत्र मुनमुन साह है। मृतक छोटे बेटे विक्की कुमार में बताया कि वह अपने बड़े बेटे सोनू के साथ दुकान पर रहते थे और रोज की तरह गुरुवार की रात बिहिया जज बाजार से दुकान बंद कर ऑटो से उसके बड़े भाई सोनू के साथ वापस घर लौट रहे थे। लौटने के क्रम में ऑटो के बाएं साइड किनारे बैठे हुए थे। जैसे ही उनकी ऑटो जगदीशपुर त्रिमूर्ति टोला के पास पहुंची।

### छानबीन में जुटी पुलिस

तभी एक बाइक पर सवार तीन हथियारबंद अपराधी उनके ऑटो का पीछा करते आए और उन्हें गोली मार दी। गोली लगते ही वह ऑटो से गिर पड़े।इसके बाद परिजन द्वारा उन्हें दुलौर स्थित अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरी दूसरी ओर मृतक के छोटे बेटे विक्की कुमार ने अपने पिता की गांव एवं बिहिया दुकान पर किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार की विवाद एवं दुश्मनी की बातों से साफ इनकार किया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### प्रशिक्षणार्थियों को भोजन के नाम पर परोसे जा रहे समोसे

**आरा, एजेंसी।** राज्य शिक्षा शोध व प्रशिक्षण परिषद की ओर से प्रखंड में आयोजित शिक्षकों के चहक प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों को भोजन के नाम पर महज दो समोसे परोसे जा रहे हैं। समोसे खाकर शिक्षकों को पूरे आठ घंटे तक प्रशिक्षण में बिताना पड़ रहा है। शिक्षा विभाग से प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकों को भोजन, स्टेशनरी सहित अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने की जिम्मेवारी चयनित वेंडरों को दी गई है। पीरो में चल रहे प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकों को भोजन उपलब्ध कराने की जिम्मेवारी संभाल रहे वेंडर के अनुसार प्रशिक्षणार्थियों को केवल नाश्ता व चाय देने का ही करार हुआ है। एससीईआरटी की ओर से निर्धारित नियमों के अनुसार प्रशिक्षणार्थियों को भोजन, चाय के अलावा स्टेशनरी और जेनरेटर की सुविधा उपलब्ध करायी जानी है। वेंडर ने न तो पंखा व जेनरेटर की सुविधा उपलब्ध कराई है और न अन्य सुविधाएं दी गई हैं। प्रशिक्षण के लिए आवश्यक बैनर तक उपलब्ध नहीं कराया गया है। प्रशिक्षण में भोजन की जगह महज दो समोसे दिये जाने पर शिक्षकों में रोष देखा गया।

## पुलिस हिरासत में जीजा-साली की मौत, पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने पकड़ा था, आगजनी, सड़क जाम





**अररिया , एजेंसी।** बिहार के अररिया जिले के ताराबाड़ी थाने में बीती रात पुलिस कस्टडी में नाबालिग लड़की और उसके प्रेमी जीजा मौत के बाद उग्र भीड़ ने बवाल काट दिया। पुलिस गाड़ी में तोड़फोड़ की गई। थाने के पास आगजनी और पुलिस पर पथराव किया गया। हालात पर काबू पाने के लिए भारी पुलिस फोर्स मौके पर मौजूद है। पुलिस जहां इस घटना को आत्महत्या करार दे रही है। तो वहीं पुलिस हिरासत में मौत पर ग्रामीणों का गुस्सा सातवें आसमान पर है। कुछ लोग पुलिस पर पिटाई का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस खुलकर कुछ भी नहीं बता रही है। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण ताराबाड़ी थाना पहुंचकर पुलिस के विरुद्ध नारेबाजी की। जानकारी मुताबिक दो दिन पूर्व ताराबाड़ी थाना क्षेत्र के किस्मत खवासपुर पंचायत के वार्ड संख्या पांच के गोढ़ी टोला निवासी मंटू सिंह की नाबालिग बेटी से उसके जीजा मिंटू सिंह ने शादी कर ली थी।

पत्नी मुस्कान देवी की लिखित शिकायत पर पुलिस ने पति मंटू सिंह और नाबालिग बहन को पुलिस तरोना गांव से हिरासत में लिया था।मंटू की पहली शादी मुस्कान देवी के साथ से डेढ़ वर्ष पूर्व हुई थी। घटना के बाद परिजनों ने पटेगना चौक पर सड़क जाम कर दिया है। आक्रोशितों ने थाना के बाहरी हिस्से में आग लगा दी। और पत्थरबाजी की। हालांकि पुलिस मोर्चा संभाले हुए है।

### चैबर ऑफ कॉमर्स कार्यालय में रविवार तक जमा कर सकेंगे होल्डिंग टैक्स

**भागलपुर, एजेंसी।** नगर निगम का होल्डिंग टैक्स और तीन दिन आनंद चिकित्सालय रोड स्थित ईस्टर्न बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भागलपुर कार्यालय में जमा कर सकते हैं। नगर निगम की ओर से होल्डिंग टैक्स वसूली के संबंध में अधिकृत एजेंसी की ओर से सोमवार से यहां शिविर आयोजित किया गया है। शिविर रविवार तक पूर्वाह्न 11 बजे से शाम चार बजे तक आयोजित हो रहा है। इसमें नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 1 से लेकर 51 तक के सभी लोगों के लिए होल्डिंग टैक्स जमा कर सकते हैं।

## बढ़ते प्रदूषण पर बड़ी कार्रवाई, पटना में डबल डेकर ब्रिज और जेपी गंगा पथ बनाने वाली कंपनी पर 8 लाख 74 हजार का जुर्माना



**पटना , एजेंसी।** राजधानी पटना के अशोक राजपथ में डबल डेकर ब्रिज बन रहा है. वहीं गंगा जेपी पथ (पटना मरीन ड्राइव) का भी निर्माण कार्य जारी है. पुल बनाने वाली दो कंपनियों पर बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद ने जुर्माना लगाया. मेसर्स गवार कंस्ट्रक्शन लिमिटेड और मैसेज नवीवा इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड पर बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने 8 लाख 74 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है.

**किस पर लगा जुर्माना:** बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में राजधानी पटना में दो कंपनियां पर प्रदूषण फैलाने के आरोप में आज जुर्माना लगाया. पटना के अशोक राजपथ पर कारगिल चौक गांधी मैदान से नित मोड तक डबल डेकर ऊपरी पुल निर्माण करने का कार्य में मेसर्स गावर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड को वहीं पटना मरीन गंगा ड्राइव निट घाट से कलेक्ट्रेट घाट तक के निर्माण कार्य का मेजर्स नवीवी इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड को दिया गया है.

### वायु प्रदूषण के नियंत्रण पर समुचित व्यवस्था नहीं

इन दोनों कंपनियों पर निर्माण कार्य में वायु प्रदूषण के नियंत्रण के लिए समुचित व्यवस्था नहीं किए जाने के कारण बिहार राज्य वायु प्रदूषण नियंत्रण परिषद ने दोनों इकाइयों पर जुर्माना लगाया है. मेसर्स गवार कंस्ट्रक्शन लिमिटेड पर 437000 का जुर्माना लगाया है. वहीं मैसेज नवीवा इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड पर भी 437000 का जुर्माना लगाया गया है.

### पहले भी कई कंपनी पर लग चुका है जुर्माना

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रदूषण क्या वंचित अनुपालन नहीं करने के लिए पहले भी कई अपने ऊपर जुर्माना लगाया गया था. विशाल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को नवंबर 2023 में अहलूवालिया कंस्ट्रक्शन इंडिया लिमिटेड को नवंबर 2023 में मेसर्स एसपी सिंगला कंस्ट्रक्शन लिमिटेड और नागार्जुन कंस्ट्रक्शन पर दिसंबर 2023 में वायु प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण 181 की धारा के तहत जुर्माना लगाया था.

## खंड प्रमुख के बेटे की हत्या मामला



**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत सारंगपुर ईंटङ्कभट्ठा चिमनी के पास सदर प्रखंड प्रमुख जय कुमारी देवी के बेटे अखिलेश कुमार की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है।पुलिस टूटे हुए मोबाइल को भी ठीक करा कर सबूत जुटाने की कोशिश में लगी है। साथ ही सीडीआर भी की जांच हो रही है। सोमवार की दिन रात मुफस्सिल थाना अंतर्गत आराङ्कबक्सर हाईवे पर सारंगपुर ईंटङ्कभट्ठा के चिमनी के समीप हथियारबंद बदमाशों ने प्रखंड प्रमुख पुत्र को गोलियों से भून दिया था। जिससे घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत सैदपुर गांव निवासी रमई राम के पुत्र अखिलेश कुमार थे। पुलिस को मृतक के पास से उनका टूटा हुआ मोबाइल भी बरामद हुआ है। छानबीन में यह बात सामने आ रही है की अखिलेश शाम तीन बजे तक ब्लॉक में देखे गए थे। संध्या समय दो लड़के सैदपुर स्थित एक दुकान के पास से बुलाकर ले गए थे पुलिस इस बिंदु पर भी गहराई से मामले की जांच कर रही है। मृतक की मां प्रखंड प्रमुख ने तीन के विरुद्ध नामजद प्राथमिक कराई है। पुलिस दो संदिग्धों से लगातार पूछताछ कर मामले की जांच की जुटी हुई है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार 2 लोग घायल



**जमुई, एजेंसी।** जमुई के झाझा थाना क्षेत्र के नरगंजो के समीप सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना डायल-112 नंबर की पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद डायल-112 नंबर की पुलिस मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को इलाज के लिए झाझा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने इलाज के बाद एक युवक की स्थिति नाजुक होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए जमुई सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

**तेज रफ्तार के कारण हुआ हादसा :** डायल-112 की पुलिस ने इस घटना की सूचना घायल के परिजनों को दी। घायल दोनों युवकों की पहचान झाझा थाना क्षेत्र के चाय गांव के दिनेश दास और इंद्रदेव कुमार के रूप में हुई है। दोनों आपस में साढू बताए जाते हैं। घटना गुरुवार देर शाम की बताई जाती है। घायल दिनेश दास ने बताया कि एक रिश्तेदार के तिलक समारोह से घर लौट रहे थे।

## पटना में बच्चे का शव स्कूल के गटर में मिला, भीड़ ने स्कूल में आग लगाई




**पटना, एजेंसी।** पटना में टिनी टोट एकेडमी स्कूल के गटर से 4 साल के एक बच्चे का शव तड़के 3 बजे बरामद हुआ। वह इसी स्कूल में पढ़ता था। शव मिलने के बाद गुस्साए लोगों ने स्कूल कैंपस में तोड़फोड़ की, बिल्डिंग में आग लगा दी। गुस्साए परिजन ने शव को सड़क पर रख दानापुर-गांधी मैदान मुख्य मार्ग को बाटागंज पेट्रोल पंप के पास जाम लगा दिया। सड़क पर भी आगजनी की गई है। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद लोगों को समझाया और भीड़ को स्कूल से हटाया गया। करीब 3-4 घंटे के हंगामे के बाद हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं। फायर ब्रिगेड ने स्कूल में लगी आग पर काबू पा लिया है। साथ ही पुलिस ने स्कूल प्रशासन से जुड़े 3 लोगों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। स्कूल के सभी टीचर फरार हैं।

बच्चे की पहचान पॉलसन निवासी शैलेंद्र राय के बेटे आयुष कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि स्कूल खत्म होने के बाद आयुष उसी स्कूल में ट्यूशन पढ़ता था। गुरुवार को भी वो रोज की तरह स्कूल गया, लेकिन लौटा नहीं। आयुष गुरुवार सुबह साढ़े 6 बजे स्कूल पहुंचा था, लेकिन शाम 5 बजे तक नहीं लौटा तो परिजन ने खोजबीन शुरू की। परिजनों ने बच्चे के अगवा होने की शिकायत थाने में की थी। छात्र के चाचा ने बताया कि प्रिंसिपल ने पहले तो आयुष के स्कूल आने से ही इनकार किया। बाद में ष्टष्टञ्जङ्क में वो दिखाई दिया। फुटेज के साथ छेड़छाड़ हुई है। 10 मिनट का फुटेज डिलीट किया गया है।

**सिटी एसपी ने बताया कि दो लड़कों ने शव के नाले के पास होने की बात कबूल की :** सिटी एसपी चंद्र प्रकाश ने बताया कि जांच के दौरान सीसीटीवी में दिखा कि बच्चा स्कूल परिसर के अंदर जा रहा है। लेकिन, वहां से निकला नहीं है। स्कूल के दो लड़कों ने यह कबूल किया कि बच्चे के शव को स्कूल के कमरे में ही बने सीवरेज वाली जगह में रखा गया था। पुलिस टीम ने शव को बाहर निकाला। स्कूल के परिसर में आग लगाई गई। फर्स्ट फ्लोर के दो कमरे को ज्यादा क्षति हुई है। किसी के जान की क्षति नहीं हुई है। अभी तक तीन लोगों को डीटेन किया गया है। पूछताछ की जा रही है। जांच के बाद पूरी बात सामने आएगी।




## संक्षिप्त समाचार

### साइकिल रैली के माध्यम से मतदाताओं को किया गया जागरूक



**बीएनएम। मोतिहारी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अवसर पर जिला में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर शुक्रवार की सुबह मतदाता जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया गया। ज्ञातव्य है कि पूर्वी चंपारण जिला में 25 मई को मतदान की तिथि निर्धारित है। रैली के माध्यम से जिला के सभी मतदाताओं को 25 मई को अपने-अपने मतदान केंद्र पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश दिया गया। साइकिल रैली का शुभारंभ समाहरणालय स्थित महात्मा गांधी उद्यान से किया गया जहां जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। साइकिल रैली शहर के मुख्य पथ से कचहरी चौक, बलुआ चौक, टाउन थाना, गांधी चौक, मीना बाजार, ज्ञान बाबू चौक, स्टेशन रोड होते हुए गांधी संग्रहालय के पास संपन्न हुई। उक्त रैली का आयोजन जिला साइकिलिंग संगठन के सौजन्य से जिला प्रशासन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी सरफराज नवाज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश सहित साइकिलिंग संगठन के सचिन सिद्धार्थ वर्मा, संयुक्त सचिव अशोक मेहरा, कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार, संरक्षक अरविंद कुमार सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित रहे।

### डॉ. नितेश बने अंतराष्ट्रीय जर्नल के सम्पादक मंडल सदस्य सह आजीवन सदस्य



**बीएनएम। मोतिहारी।** जिले का गौरव मुंशी सिंह महाविद्यालय के स्नातकोत्तर गणित विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. नितेश कुमार "इंटरनेशनल जर्नल ऑफ रीसेंट डेवलपमेंट इन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी" के एडिटोरियल बोर्ड के सदस्य सह आजीवन सदस्य नियुक्त किये गए है। डॉ. नितेश ने बताया कि शोधार्थियों के गुणवत्तापूर्ण शोधपत्र छपने के लिए यह एक अच्छा प्लेटफॉर्म साबित होगा। इस उपलब्धि में एशियाई शोध गौरव अवार्डी डॉ. उमेश कुमार श्रीवास्तव का मार्गदर्शन एवम सहयोग सहित कॉलेज के विभागाध्यक्ष डॉ. एमएन हक का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। डॉ. नितेश के इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के यशश्वी प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार के अलावे डॉ. एकबाल हुसैन, डॉ. मृगेंद्र कुमार, डॉ. अजय कुमार सहित विश्वविद्यालय के कई अधिकारी एवम शिक्षक सहित प्राचार्य डॉ. ओपी राय,डॉ. पंकज कुमार,डॉ. प्रेमानंद,डॉ. मनोज कुमार,डॉ. अरुण कुमार,डॉ. कर्मात्मा पांडेय, किशोर पांडेय,डॉ. उमेश कुमार श्रीवास्तव,डॉ. ललित किशोर सहित सभी शिक्षकों ने शुभकामनाओं सहित इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### जनप्रतिनिधि के सांठ-गांठ से काटा गया सरकारी पेड़



**बीएनएम। नवनीत कुमार सिंह। हरसिद्धि।** प्रखंड क्षेत्र के ओल्हां मेहता टोला पंचायत में शुक्रवार के सुबह मे उस्मान मियां के द्वारा नहरी के बाधं पर लगे सरकारी हरे पेड़ को कटवा रहे थे। वही पेड़ को गिरने के बाद अगल बगल गांव में आवाज सुनाई देने पर गांव के लोग दौड़ कर आए तो देखा गया कि एक गुलर हरे पेड़ दुसरा सेमर के हरे पेड गिर चुका था। पेड़ के पास धीरे-धीरे ग्रामीणों का भीड़ इकट्ठा होते गया। वहीं भीड़ को देखते हुए ठेकेदार पेड का लकड़ी छोड़कर फरार हो गया। ग्रामीणों के द्वारा पूछा गया तो ठेकेदार व उस्मान मियां के द्वारा बताया गया कि हमारे ही पंचायत के एक जनप्रतिनिधि बोले थे कि जल्दी-जल्दी लकड़ी काट के आप लोग हटा दीजिए। कुछ भी होगा तो हम देख लेंगे। वही ग्रामीणों का कहना है कि जनप्रतिनिधि के साथ गांठ मे काटा जा रहा था। ग्रामीणों के द्वारा तुरंत वन विभाग को जैसे ही सूचना मिली तो वन विभाग घटनास्थल पर पहुंच कर जांच करते हुए लकड़ी को जप्त करते हुए कार्रवाई में जुट गई।

### नौ किलोग्राम मादक पदार्थ के साथ तस्कर गिरफ्तार



**बीएनएम। बेतिया ।** भारत नेपाल के सीमावर्ती थाना भंगहा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एस एस बी के सहयोग से एक नेपाली तस्कर को 6 किलो चरस के साथ धर दबोचा है। उक्त जानकारी देते हुए बेतिया पुलिस अधीक्षक अमरकेश डी ने बताया है कि भंगहा पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से मादक पदार्थ लेकर आने वाला है। सूचना के आलोक में भंगहा पुलिस ने थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में एस एस बी की सहयोग से नेपाल के सीमावर्ती गांव विजय बस्ती के पास नाका डाला गया। तभी जंगल के रास्ते एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से आते दिखा, जो पुलिस को देखते ही भागने लगा। तभी पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया ।जांच पड़ताल के क्रम में पुलिस ने उसके पास से 6 किलो चार एस बरामद किया है और उसकी मोटरसाइकिल भी जप्त कर लिया है । इस संबंध में पुलिस ने भंगहा थाना में एक प्राथमिक की दर्ज करते हुए गिरफ्तार तस्कर को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार तस्कर नेपाल निवासी परसा जिला के शेरवा थाना के पुड़ारी ग्राम के बाल कन्हाई राउत कुर्मी 40 वर्ष पिता रामाज्ञा कुर्मी बताया गया है।

# सदर अस्पताल में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त एमसीएच की हुई शुरुआत

## मातृ शिशु अस्पताल खुलने से गर्भवती महिलाओं के इलाज में हुई आसानी

बीएनएम। मोतिहारी






जिले का सदर अस्पताल परिसर में 11 फरवरी से अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त एमसीएच की शुरुआत हुई है। जिसमें जिले के 27 प्रखंडो के गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व देखभाल,जाँच,संस्थागत प्रसव,महिलाओं का सिजेरियन की सुविधाएं, 53 तरह की जांच, आईसीयू, महिला ओपीडी,प्रसव पश्चात देखभाल के साथ अन्य सुविधाएं मुहय्या हो रही है। एमसीएच की महिला चिकित्सक डॉ. प्रीति गुप्ता ने बताया की यहाँ प्रतिदिन गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण हो रहा है। यहां प्रतिदिन औसतन 30 से 35 प्रसव होता है। इसके अलावा 4-5 सिजेरियन भी होता है। यहां प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना अन्तर्गत प्रत्येक माह की 9 तारीख एवं 21 तारीख को विशेष जाँच की जाती है।एमसीएच बिल्डिंग पूर्ण रूप से वातानुकूलित है, जहाँ शौचालय, पीने का पानी, बैठने की सुविधाएं उपलब्ध है। पहाड़पुर की 26 वर्ष की रौशनी कुमारी ने बताया की मैंने गर्भ धारण के शुरुआत समय में प्राइवेट डॉ. के यहाँ इलाज कराया परन्तु इलाज में महंगी जाँच, दवाओं में ज्यादा रूपये खर्च हो रहें तब मैंने मोतिहारी सदर अस्पताल में इलाज कराया, अब मुझे सभी जाँच, दवाए, इलाज अब मुफ्त में प्राप्त हो रहा है और मैं पहले से स्वस्थ भी हुँ। जिले के डीसीएम नंदन झा ने बताया की वर्ष 2023-2024 में जिले के सभी 27 प्रखंडो में 72 हजार महिलाओ का संस्थागत प्रसव कराया गया है, वहीं 14 हजार महिलाओ का बंधयाकरण कराया गया है,1 लाख 78 हजार एएनसी कराई गईं है,1037 महिलाओ का सीजेरियन,35 पुरुष नसबन्दी कराई गईं है। उन्होंने बताया की जिले के चकिया अनुमण्डलीय अस्पताल एवं सदर अस्पताल में ही है सिजेरियन की सुविधाएं। पीएसआई इण्डिया के जिलाप्रतिनिधि अमित कुमार ने बताया की विगत वर्ष 4000 उच्च जोखिम वाली महिलाओ का सुरक्षित प्रसव कराया गया। हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं को जांच के लिए अस्पताल लाने एवं घर छोड़ने की सुविधा एंबुलेंस के माध्यम से निःशुल्क दी जाती है, उन्होंने बताया की यह सुविधा जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत दी जाती है। जिले के सभी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पीएचसी, सीएचसी, एसडीएच एवं जिले के सदर अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रत्येक माह की 9 और 21 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित अभियान के तहत चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा प्रसव प्रसव पूर्व जांच के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

## जागरूकता शिविरः असफलता को सीखने के अवसर के रूप लें युवा उद्यमीः प्रो. सुनील

### कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रोद्योगिकी विभाग की ओर से जागरूकता शिविर शुरू

### प्रो. रंजीत ने उद्यमिता की सार्थकता पर विस्तार पूर्वक डाला प्रकाश

बीएनएम। मोतिहारी




महात्मा गांधी केंद्रीय विवि की कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रोद्योगिकी विभाग की ओर से तीन दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर शुरू हो गया। जिला स्कूल स्थित विवि के चाणक्य परिसर अंतर्गत राजकुमार शुक्ल सभागार में आयोजित शिविर की शुरूआत प्रबंध विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक प्रो. पवनेश कुमार एवं सह संयोजक सहायक प्राध्यापक डॉ. विपिन कुमार ने संयुक्त रूप से पहुंचे प्राध्यापकों का स्वागत कर की। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रो. सुनील श्रीवास्तव ने उद्यमियों की अगली पीढ़ी को किस प्रकार सशक्त बनाएं, इस जोर दिया। कहा कि उद्यमियों की अगली पीढ़ी को सशक्त बनाने की दिशा में पहला कदम है कि उनमें उद्यमशीलता की मानसिकता पैदा करें। इसमें रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच, समस्या-समाधान, लचीलापन और अनुकूलनशीलता जैसे गुणों को विकसित करना शामिल है। युवा उद्यमी को अपने जुनून का पता लगाने, स्वतंत्र रूप से सोचने और असफलता को सीखने के अवसर के रूप में स्वीकार करने के लिए प्रोत्साहित करें, तो हम उन्हें उद्यमिता की चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक मानसिकता से लैस कर सकते हैं। रसायन शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष रफिक उल इस्लाम ने विद्यार्थियों को पढ़ाई पूरी करने के बाद स्वरोजगार की दिशा में बढ़ने और स्वरोजगार के बेहतर भविष्य के निर्माण पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। बायो टेक्नोलॉजी विभाग के प्रो. सतारूद्ध प्रकाश ने अपने अनुभव साझा कर उदाहरण के जरिए उद्यमिता की उपयोगिता पर विस्तृत चर्चा की। प्रो. रंजीत चौधरी ने उद्यमिता की सार्थकता के बारे में बताया और छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। वहीं स्वरोजगार को बेहतर विकल्प बताया। प्रो. पवनेश कुमार ने कहा कि उद्यमिता जागरूकता शिविर के रूप में यह पांचवा कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम केंद्र सरकार की विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग की ओर से प्रायोजित है। उन्होंने अपने संबोधन में उद्यमिता के तहत विद्यार्थियों को अपनी रूची के हिसाब से व्यवसाय का चयन करने पर जोर दिया। दूसरे सत्र को संबोधित करते हुए कंप्यूटर एवं सूचना प्रोद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विकास पारिक ने उद्यमिता की एतिहासिक पृष्टभूमि पर चर्चा की। वहीं कई प्रेरक उदाहरण भी प्रस्तुत किए। तीसरे सत्र को संबोधित करते हुए पो. पवनेश कुमार ने उद्यमिता के लिए मौजूद अवसर एवं चुनौतियों पर चर्चा की। अंतिम सत्र का समापन वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. शिवेंद्र कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि उद्यमिता में संचार कौशल व दृढ़ इच्छाशक्ति को महत्वपूर्ण बताया। साथ ही उद्यमिता के लिए सरकार की ओर से संचालित योजनाओं पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की। मौके पर प्रबंध विज्ञान विभाग के अतिथि प्राध्यापक डॉ. कमलेश कुमार सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### लोकसभा चुनाव के मध्य नजर एसएसटी चेक पोस्ट पर की गई वाहन जांच

*चिलचिलाती धूप एवं भीषण गर्मी के बीच डिप्टी से बिवस महिला कांस्टेबल द्वारा किया जा रहा है मुस्तादी से कार्य*



बीएनएम। बेतिया

पश्चिमी चंपारण में छठे चरण में चुनाव होना है जिसको लेकर प्रशासन भी हाई अलर्ट पर है। चप्पे चप्पे पर प्रशासन की पैनी नजर बनी हुई है। इसी बीच लोकसभा चुनाव के मध्य नजर रखते हुए बेतिया एवं गोपालगंज मुख्य पथ स्थित एसएसटी चेक पोस्ट मंगलपुर में जिला निर्वाचन आयोग के आलोक में चिलचिलाती धूप एवं भीषण गर्मी के बीच मुख्य पथ पर वाहनों की जांच की गई। वही अधिकारी युगलेश्वर किशोर ने बताया कि जिला निर्वाचन आयोग के आलोक में सभी गाड़ियों की जांच की जा रही है जांच के दौरान हेलमेट, ड्राइवरी लाइसेंस, गाड़ी इंश्योरेंस के साथ सभी गाड़ियों की डिक्की खुलवाकर देखा जा रहा है, ताकि कोई अवैध सामान न लेकर इस पार से उस पार आ जा सके। वही मौके पर तैनात सब इंस्पेक्टर नंदिता कुमारी सिंह ने बताया बिना हेलमेट, लाइसेंस, प्रदूषण कागज, गाड़ी इंश्योरेंस नहीं होने पर खैर नहीं, पकड़े जाने पर चलान काटी जा रही है। सभी गाड़ियों को डिक्की खुलवाकर देखा जा रहा है ताकि कोई अवैध सामान न लिया हो।

## पहल प्लस परियोजना के अंतर्गत एक दिवसीय लर्निंग कैंप का हुआ आयोजन

### कुपोषण एवं एनीमिया दर में कमी लाने में पोषण पंचायत की भूमिकाओं पर चर्चा किया गया

बीएनएम। मोतिहारी



मोतिहारी प्रखंड सभागार भवन में सेंटर फॉर कैटेलाइजिंग चेंज के द्वारा पहल प्लस परियोजना के अंतर्गत इस वर्ष का तीसरा एवं परियोजना अवधि का आठवां एक दिवसीय लर्निंग कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मोतिहारी प्रखंड के 10 पंचायतों की कुल 40 महिला वार्ड सदस्यों एवं दो मुखिया ने भी भाग लिया। प्रशिक्षण में जिला समन्वयक आदित्य राज ने सबसे पहले पूर्व के प्रशिक्षण का फीडबैक लिया गया एवम दिए गए गृह कार्य का डायरी के साथ अवलोकन किया गया उसके बाद महिला जनप्रतिनिधियों के परिचय एवम स्वागत के साथ प्रशिक्षण की शुरुआत की गई। प्रशिक्षण सत्र का शुरुआत उद्देश्य से प्रारंभ किया गया महिला जन प्रतिनिधियो को पोषण पंचायत के बारे में समझ विकसित करना एवम इसमें वंचित समुदाय की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करना है एवम कुपोषण एवं एनीमिया दर में कमी लाने को लेकर पंचायत जनप्रतिनिधियों की अहम भूमिका हो सकती है कुपोषण एवं एनीमिया दर में कमी लाने में पोषण पंचायत की भूमिकाओं पर चर्चा किया गया साथ ही सभी प्रतिभागी को पोषण के महत्व एवम क्यों ? किसके लिए जरूरी है इसके लिए एक सता चाल खेल के माध्यम से बताने का प्रयास किया गया इसके बाद पोषण के पांच सूत्र सुनहरे एक हजार दिन, स्वच्छता एवं साफ सफाई, डायरिया का प्रबंधक, अनिमिया की रोकथाम एवं पौष्टिक आहार के वारे में चर्चा किया गया जिसमें में महिलाओं को प्रसव पूर्व चार जांच, पौष्टिक आहार,संस्थागत प्रसव छः माह तक सिर्फ़ स्तनपान, छः माह बाद ऊपरी आहार के साथ दो साल तक स्तनपान से मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में भी कमी लाया जा सकता हैं। कामरान आलम आईसीडीएस जिला समन्वयक ने बताया की महिला पंचायत जनप्रतिनिधियों के सहयोग से पंचायत में पोषण पंचायत समिति का गठन कर हर माह बैठक कर पोषण के क्षेत्र में सुधार किया जा रहा हैं। इस प्रशिक्षण के बाद पंचायत प्रतिनिधि अपने अपने वार्ड में गर्भवती महिलाओं कुपोषित बच्चे के गृह भ्रमण कर उनके पोषण में कैसे सुधार हो उस पर एक योजना एवम रणनीति हेतू प्रतिनिधियो को 4 चार समूह में बांटकर बनवाने का कार्य किया गया । प्रशिक्षण के अंत में सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद के साथ प्रशिक्षण समापन किया गया।



Lakshya Raj Public School
LAKSHYA RAJ KIDZEE
Mission Chowk, Pataura (Infornt of Durga Mandir) Motihari Mob.- 9128562441

संक्षिप्त समाचार

## मोदी राज में सुरक्षित है सनातन और आरक्षणः संजय जायसवाल

**बीएनएम। बेतिया।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर वर्तमान सांसद व एनडीए प्रत्याशी डॉ संजय जायसवाल ने आज नौतन विधानसभा के सनसरैया, खड्डा, दक्षिणी तेलुआ, डाबड़ीया, गहीरी आदि पंचायतों के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर लोगों से मुलाकात की तथा जीत का आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि इतने वर्षों तक चंपारण को विकास से महरूम बनने वाले लोग एक बार फिर से लोगों को बरगलाने में जुटे हुए हैं। विपक्षी ताकतों द्वारा झूठ बोल कर लोगों को आरक्षण आदि के नाम पर डराने की कोशिश की जा रही है लेकिन चंपारण के लोग जानते हैं कि इन विपक्षियों का एकमात्र उद्देश्य सत्ता पाना है, लोगों की सेवा करना नहीं। जनता जानती है, विकास, सनातन और आरक्षण सब मोदी सरकार में ही सुरक्षित है। विपक्ष को सनातन विरोधी बताते हुए उन्होंने कहा कि चंपारण के लोग भूले नहीं है कि कैसे इनके नेताओं ने हर मौके पर सनातन धर्म का बार-बार अपमान किया है। कैसे इनके नेताओं ने अभी हाल तक रामचरितमानस और सनातन के देवी-देवताओं को अपशब्द कह कर राज्य में सांप्रदायिक तनाव घोलने का प्रयास किया था। यहां तक कि इनके नेताओं ने 500 साल बाद बने राम-मन्दिर में हुई प्राण-प्रतिष्ठा पूजा का बहिष्कार तक कर दिया था। वह लोग जान लें चंपारण के लोग भगवान राम और बिहार की बेटी माता सीता या मां दुर्गा का अपमान सहन करने वाले नहीं है। डॉ जायसवाल ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर जी के बाद यह प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी ही हैं,जिन्होंने गरीब सवर्णों को 10% आरक्षण का अधिकार दिया। उन्होंने ने ही नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिये संसद में महिलाओं की भागीदारी को 33% सुनिश्चित किया। इसी तरह बिहार में नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में एनडीए ने सत्ता संभालते ही महिलाओं के नेतृत्व पर विश्वास किया और उन्हें शिक्षा विभाग में 50% अन्य सरकारी नौकरियों तथा पोस्टिंग में 35% के आरक्षण का अधिकार दिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष को जान लेना चाहिए कि उनकी झूठ की राजनीति अब चलने वाली नहीं है। जनता उनके बहकावे में आने वाली नहीं है।

## आलेख संग्रह "फिकरो नजर" का हुआ भव्य लोकार्पण



**बीएनएम। बेतिया।** नगर के बड़ी मस्जिद स्थित, मदरसा इस्लामिया के सभागार में, स्व. सगीर हैदर की लिखी हुई आलेख संग्रह "फिकरो नजर" का भव्य लोकार्पण का आयोजन किया गया। इस मौके पर शहर के गणमान्य व्यक्ति अदीब, शायर, शुभचिंतक, ईस्टमित्र, सगे संबंधी सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे। अदब इस्लामी हिंद बेतिया शाखा के बैनर तले इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस मौके पर सचिव, फहीम हैदर नदवी व अध्यक्ष, डॉ. कमरुज्जमा कमर ने महती भूमिका निभाई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में मुजीब उल हक, अब्दुल खैर निशतर, जफर इमाम कादरी, सैयद शहाबुद्दीनअहमद, डॉ जाकिर हुसैन जाकिर, डॉ आर आजम, मोहम्मद अलाउद्दीन, इत्तेखार अहमद वसी साहब, अख्तर हुसैन अख्तर, अब्दुल मजीद खान एवं अन्य सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## 15 फिट किंग कोबरा समेत वन सुंदरी सांप का किया गया रेस्क्यू

### गर्मी के गिरते रिहायशी इलाके में वन जीवों का निकलना बदस्तूर जारी



**बीएनएम। बगहा।** वीटीआर क्षेत्र से सटे रिहायशी इलाकों में गर्मी के मौसम शुरू होते ही जंगली जीवों के निकल आने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। बता दें कि जलसंसाधन विभाग के ऊपरी शिविर 3 नम्बर पहाड़ स्थित कॉलोनी निवासी सुरेश मधेशिया के घर से 6 फिट लंबे वन सुंदरी सांप का रेस्क्यू किया गया। वन चिकित्सा पदाधिकारी मनोज कुमार टोनी ने बताया कि फोन पर इसकी सूचना मिली तो फौरन स्नैक एक्सपर्ट के साथ घटनास्थल पर पहुंचा। सांप घर के अंदर बने पूजा घर मे था जिसे पकड़ लिया गया। इस सांप का नाम वनसुन्दरी है जो पहाड़ी इलाके में पाया जाता है और यह विष हीन सांप होता है। बतातें चलें कि गत दिनों लक्ष्मीपुर चौक स्थित दवा दुकान के पीछे डीलर मैनुद्दीन अंसारी के बुआ के घर से विशालकाय किंग कोबरा का रेस्क्यू किया गया था।इस किंग कोबरा की लम्बाई 15 फिट बताई जा रही है। यह काफी विषधर माना जाता है। बतादें की जब किंग कोबरा का रेस्क्यू किया जा रहा था तो उस समय किंग कोबरा को देखने वालों की भीड़ लग गई थी । एक्सपर्ट्स की माने तो गर्मी के बढ़ते ही सरीसृप जीव रेंगते हुए ठंढे जगह और भोजन की तलाश में ये अक्सर रिहायशी इलाके की तरफ चले आते हैं।

## तालाब में डूबने से अधेड़ की मौत

### पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**बीएनएम। बेतिया।** बैरिया थाना क्षेत्र के फुलियाखाड़ पंचायत के सनकहिया माई स्थान के उत्तर स्थित तालाब मे स्नान करने के दौरान अधेड़ की पानी में डूबने से मौत हो गई है। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि स्नान करने के दौरान डूबने से मौत हुई है।इसकी सूचना मिलते ही तुरंत पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में ले कर पोस्मार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बैरिया थाना क्षेत्र के फुलिया खाड़ पंचायत के समधोवा के वार्ड नंबर 9 निवासी नवीन तिवारी उर्फ गुड्डु तिवारी शुक्रवार की सुबह सनकहिया माई मन्दिर के उतर स्थित तालाब में नहाने के लिए गया था। जहा नहाने के क्रम के गहरा पानी में चले जाने के क्रम में डूब गया। जहा मौजूद लोगो ने सोर गुल किया। सोर गुल सुन स्थानीय लोग इकट्ठा हुए तब तक मृतक नवीन पानी में डूब गया था। मौजूद लोग मछुआरे को बुलाए। मछुआरे के ने जाल से शव को तालाब से बाहर निकाला। इस घटना की जानकारी मिलते ही गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। वही मृतक की पत्नी मायके गई हुई थी। तीन बच्चे पढ़ने के लिए बेतिया गया हुआ था।

# चुनावी सभा में बोले सीएम - याद कीजिये पहले क्या क्या दिक्कत थी, अब क्या-क्या सुविधा है

- डिप्टी सीएम सहित कई मंत्री भी रहे मौजूद
- उम्मीद से कम रही भीड़

बीएनएम। अमृतेश कुमार ठाकुर

**केसरिया।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि राज्य के युवाओं को वर्ष 2005 से 2020 तक आठ लाख सरकारी नौकरी दी गई। अगले वर्ष के अंत तक 10 लाख नौकरी पूरा कर दिया जाएगा। साथ हीं पाँच लाख रोजगार देने की तैयारी की जा रही है। याद कीजिये पहले क्या क्या दिक्कत थी, अब क्या-क्या सुविधा है! कुछ भूलिएगा नहीं ! वे शुक्रवार को केसरिया बौद्ध स्तूप के समीप स्थित कैफेटेरिया परिसर में पूर्वी चंपारण लोस क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी राधामोहन सिंह के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। कहा कि वर्ष 2005 के पहले जिनको मौका दिया वे लोग काम नहीं किये। स्वास्थ्य, सड़क की बुरी स्थिति थी। शाम में लोग घर से निकलने में डरते थे। लेकिन जब से हमारी सरकार बनी तब से लोग सुरक्षित हैं। समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए काम किया। बिजली, स्वास्थ्य, सड़क को सुदृढ किया। प्राथमिक स्वास्थ केंद्रों में मुफ्त में दवा दिया जाने लगा। आज परिणाम सामने है। महिला उत्थान पर बोलते हुए कहा कि 2006 के पंचायत चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया। एक साल बाद यह आरक्षण नगर निकाय में भी लागू किया। विश्व बैंक से ऋण लेकर स्वयं सहायता समूह का विस्तार कर जीविका नाम दिया। जिसका अन्य राज्यों ने अनुकरण किया। आज जीविका महिलाओं के उत्थान में कारगर साबित हो रही है। उन्होंने लालू परिवार पर हमला बोलते हुए कहा कि हमारी गलती से एक बार उसे मौका मिल गया। जब गड़बड़ करने लगा तो अलग हो गये। सिर्फ परिवार के चक्कर में रहता है। मेरे लिए पूरा बिहार परिवार है। 1995 से भाजपा के साथ हैं। अब कहीं नहीं जायेंगे। उन्होंने लालू यादव पर मजाकिया अंदाज में चुटकी लेते हुए कहा कि बताइए तो नौ-नौ बाल-बच्चा पैदा किया। सिर्फ अपने परिवार का विकास किया। जातीय गणना पर बोलते हुए कहा कि विपक्षी पार्टियां इसका विरोध कर रही थी। लेकिन जब हमने इसे कराया तो अन्य राज्य भी ऐसा कराने को सोंच रहे हैं। सीएम ने कहा कि इच्छा है कि बिहार की 40 सीट जीतें। इसलिए राधामोहन सिंह को जीताकर नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करें। इससे पहले सीएम का स्वागत एनडीए प्रत्याशी ने



अंगवस्त्र व बुके देकर किया।

**मंच से बार-बार प्रणाम करते दिखे सीएम-** मंच पर बैठे सीएम बार-बार प्रणाम करते दिखे। उनकी इस हावभाव ने लोगों को आकर्षित किया। दरअसल सीएम के सामने दर्शक दीर्घा में एक महिला पार्टी का झण्डा लिए खड़ी थी। उक्त महिला पार्टी झण्डे को जितनी बार हिलाती उतनी बार सीएम उसे प्रणाम करते दिखे।

**अब देश को सोने की चिड़िया नहीं बल्कि सोने का शेर बनाना है - डिप्टी सीएम**

डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि मोदी सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने का काम किया है। अब देश को सोने की चिड़िया नहीं बल्कि सोने का शेर बनाना है। ताकि भारत दुनिया में दहाडेगा। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार के कार्यों को गिनाते हुए कहा कि मोदी व नीतीश के नेतृत्व में हर घर बिजली पहुँचाया जा रहा है। सोलरयुक्त बिजली देकर जीरो बिल पर बिजली उपलब्ध कराना है। वर्ष 2014 के बाद साढ़े छह करोड़ पीएम आयुष्मान कार्ड बना। राज्य में सीएम आयुष्मान के ढाई करोड़ लाभार्थी हैं। इन दोनों कार्ड के लाभुकों को पाँच लाख तक की मुफ्त इलाज की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद देश में चार करोड़ 21 लाख लोगों को पक्का मकान मिला। इससे सिर्फ बिहार में 55 लाख लोग लाभान्वित हुए। अगले वर्ष तक चिन्हित कर एक एक गरीब को पक्का मकान देने का काम किया जायेगा। इस चुनावी सभा को एससी/एसटी कल्याण विभाग के मंत्री जनक चमार, जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी, पिछड़ा/अतिपिछड़ा कल्याण मंत्री हरि सहनी, राज्य सभा सदस्य संजय झा ने भी संबोधित किया। स्वागत भाषण में विधायक शालिनी मिश्रा ने एनडीए प्रत्याशी को जीताने की अपील की। संचालन एनडीए प्रत्याशी राधामोहन सिंह व अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश आस्थाना ने किया।

**उम्मीद से कम रही भी-** मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में उम्मीद से कम भीड़ उमड़ी। मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर करीब 11 बजे से कार्यक्रम स्थल पर उतरा। उस वक्त तक पंडाल में कुर्सियां खाली रही। हेलीकॉप्टर लैंडिंग के बाद आसपास के गाँवों के लोग पहुँचे। लेकिन फिर भी मुख्यमंत्री के सभा के हिसाब से लोगों की भीड़ नहीं उमड़ी। जिससे लोगों में इस बात को लेकर चर्चा हो रही है। इसका एक मुख्य कारण इस चुनावी सभा का क्षेत्र में व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार नहीं होना माना जा रहा है।

ये रहे मौजूद

जदयू जिलाध्यक्ष मंजू देवी, पूर्व विधायक मो ओबैदुल्लाह, लोजपा(आर) के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार, भाजपा जिला मंत्री शम्भू महतो, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष इम्तेयाज अहमद, आनंद सिंह, लोजपा प्रखण्ड अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार गुप्ता, जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष मो इशाक आजाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## ट्रैक्टर, टेम्पू व बाइक की टक्कर में एक की मौत, एक गंभीर घायल

बीएनएम। रामगढ़वा



रामगढ़वा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेला चौक से बिजली पावर के बीच एन.एच 28 के समीप में ट्रैक्टर, टेम्पू व बाइक के टक्कर में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक की स्थिति नाजुक बनी हुई है। जानकारी देते हुएं थानाध्यक्ष सचिदानंद पांडेय ने बताया कि ग्रामीण सूत्रो से शुक्रवार को सुबह में बेला चौक से मांस खरीद कर घर वापस जाने के क्रम में भैंसड़ा पुल के समीप ट्रैक्टर, टेम्पू व बाइक की आपस मे जोरदार टक्कर हुई है। जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया। जिसकी पहचान बेला स्थित कटगेनवा निवासी पहलाद साह के पुत्र शुशील साह के रूप में हुई है। जबकि उसी गाँव के निवासी बाइक सवार भूलन सहनी के पुत्र बृजकिशोर सहनी की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिसको इलाज के लिए पीएचसी रामगढ़वा में भेजा गया जहाँ चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए घायल व्यक्ति को सदर हॉस्पिटल मोतिहारी भेज दिया। साथ ही रामगढ़वा थानाप्रभारी ने बताया कि ट्रैक्टर मौके से फरार हो गया है जबकि टेम्पू चालक टेम्पू छोड़ फरार हो गया है। जिसके बाद टेम्पू को जप्त किया गया हैं। वही मृतक को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हैं। उन्होंने कहा कि मृतक के परिजनों द्वारा आवेदन मिलने पर कार्रवाही किया जाएगा। ग्रामीण सूत्रों से बताया गया कि मृतक सुशील साह की फ्लाइट शाम को थी, जो बाहर कमाने के लिए जाने वाला था। घटना की दुखद समाचार मिलते ही गांव में मातम छाया रहा। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## एक दिवसीय जलज शार्दूल और जैव विविधता संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम संपन्न



बीएनएम। बगहा

वन्यजीव संस्थान, देहरादून (वाइल्डलाइफ इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंडिया) के अधीन देशव्यापी "नमामि गंगे" और जलज शार्दूल परियोजना के तहत वाल्मीकिनगर स्थित वनस्थली पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को कार्यक्रम कर बच्चों को जागरूक किया गया। बता दें कि जैव-विविधता संरक्षण, जलज परियोजना, प्लास्टिक के कारण नदी तंत्र में होने वाले प्रदूषण और जलीय जीव को होने वाले नुक़सान के बारे में जागरूक करने के लक्ष्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में भारतीय वन्यजीव संस्थान के जलज फील्ड असिस्टेंट मुकेश कुमार के नेतृत्व में उपस्थित सभी शिक्षकगण और छात्र छात्राओं से अपील की। नदी में प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए अपनी सहभागिता को आगे बढ़ाए और देश की आगामी पीढ़ी होने के नाते समस्त जलीय जीव और पर्यावरण की रक्षा हेतु आगे आए। इसके अलावा राष्ट्रीय जलीय जीव गैंगेटिट अर्थात गांगेय सोंस के बारे में भी जानकारी दी। मौके पर स्कूल के संचालक सुरेश प्रसाद, प्रधानाध्यापक राजन कुमार, सहायक शिक्षक सन्नी कुमार, आदित्य कुमार, बिहारी सर, संध्या कुमारी, अंजली कुमारी, शालिनी कुमारी, अमीषा कुमारी उपस्थित रहे।

## स्टेट स्वीप आईकॉन मैथिली ठाकुर ने मतदाताओं को किया जागरूक

### रोड शो एवं मतदाता जागरूकता सांस्कृतिक कार्यक्रम से मतदान करने का किया अनुरोध

- सभी मतदाता अपने महत्व को समझें और 25 मई को अपने अपने बूथों पर जाकर अवश्य करें मतदान : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

बीएनएम। बेतिया



जिला निर्वाचन पदाधिकारी दिनेश कुमार राय के नेतृत्व में पश्चिम चम्पारण जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने, मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक एवं प्रेरित करने के लिए स्वीप गतिविधि के तहत आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शुक्रवार को राज्य स्वीप आईकॉन लोक गायिका मैथिली ठाकुर ने भाग लिया। मतदाताओं को जागरूक करने हेतु रोड शो का आयोजन किया गया। रोड शो समाहरणालय परिसर से प्रारंभ हुआ जो मुहर्रम चौक, जनता सिनेमा चौक, रेडक्रॉस चौक, पावर हाउस होते हुए स्थानीय प्रेक्षागृह जाकर समाप्त हुआ। इस दौरान स्टेट स्वीप आईकॉन मैथिली ठाकुर ने अपने अनोखे अंदाज में जिले के मतदाताओं को 25 मई को मतदान करने हेतु जागरूक किया। उन्होंने मतदाताओं से अपील किया कि अपने-अपने मत का प्रयोग अवश्य करेंगे। इसके उपरांत स्थानीय प्रेक्षागृह में मतदाता जागरूकता सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न हुआ। जिला निर्वाचन पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि जिले में शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप गतिविधि के तहत विभिन्न प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता का मत एक समान है। सभी मतदाता अपने महत्व को समझें और 25 मई को अपने अपने बूथों पर जाकर अवश्य मतदान करें। तत्पश्चात मैथिली ठाकुर द्वारा मतदान आधारित सुमधुर गीत "अपने अधिकारों का सम्मान करें-चलो मतदान करें" की प्रस्तुति पर दर्शक झूम उठे। पुनः "दिल दिया है जान भी देंगे, ए वतन तेरे लिए", "जहाँ डाल-डाल पर सोने की चिड़िया", रामजी से पूछे जनकपुर की नारी", की प्रस्तुति पर भी दर्शकों में खूब लुत्फ उठाया। इसके साथ ही सुश्री मैथिली ठाकुर ने अन्य गीत-संगीत के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान मैथिली ठाकुर के द्वारा उपस्थित मतदाताओं से अपने मतदान के कर्तव्य को पूरी जिम्मेदारी के साथ पूर्ण करने का अनुरोध किया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, राजीव कुमार सिंह अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) रामानुज प्रसाद सिंह, नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग कमलाकांत त्रिवेदी, जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनीकांत प्रवीण, उप निर्वाचन पदाधिकारी लालबहादुर राय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अनंत कुमार डीपीएम जीविका आर के निखिल, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा सुजीत कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

विचार-मंथन

# वोट के लिए मर्यादा की अनदेखी...




लोकसभा के लिए जारी चुनाव में सभी दल और उनके नेता प्रचार अभियान में पहले से ज्यादा मुखर हो रहे हैं। मगर इस बीच कई दलों के वरिष्ठ नेताओं की भी जैसी बयानबाजियां सामने आई हैं, उससे साफ है कि मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए सार्वजनिक रूप से भी दिए जाने वाले भाषणों में मर्यादा का खयाल रखना जरूरी नहीं समझा जा रहा है। जनहित के मुद्दे उठाने और उस पर केंद्रित सकारात्मक बहस के जरिए जनता के सामने मुद्दे को लेकर स्पष्टता बनाने में रुचि कम दिखती है, जबकि आक्रामक बयानबाजियों के जरिए लोगों को अपने पक्ष में खड़ा करने की कोशिश आम होती जा रही है। ऐसे में निर्वाचन आयोग की यह सलाह महत्त्वपूर्ण है कि राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं को प्रचार अभियान में विमर्श के ऐसे अच्छे उदाहरण स्थापित करने चाहिए, जिसकी उनसे अपेक्षा है। उम्मीद यह भी की जाती है कि इस क्रम में नेता ऐसी बातें नहीं करेंगे, जिससे समाज का नाजुक ताना-बाना खराब हो। इसी के मद्देनजर आयोग ने कहा कि यह नेताओं की जिम्मेदारी है कि वे चुनाव के बचे हुए चरणों के दौरान अपने बयानों और भाषणों में उठाए जाने वाले मुद्दों को सही तरीके से पेश करें। देश के लोकतांत्रिक ढांचे और सामाजिक ताने-बाने के लिहाज से देखें तो निर्वाचन आयोग की सलाह की अपनी अहमियत है। मगर एक संवैधानिक निकाय होने और देश में चुनाव आयोजित कराने की सारी जिम्मेदारी उठाने के बावजूद उसकी इस तरह की अपेक्षाओं की जमीनी हकीकत क्या है? ऐसे क्या कदम उठाए जाते हैं, जिससे चुनाव प्रचार के दौरान विमर्श को एक आदर्श स्तर देने की सलाह पर अमल सुनिश्चित हो? यह छिपा नहीं है कि देश में राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता भी चुनाव के दौरान जैसी टिप्पणियां कर देते हैं, वे कई बार न सिर्फ मर्यादा के खिलाफ और निम्न स्तर के होते हैं, बल्कि उससे देश की लोकतांत्रिक गरिमा को भी गहरी चोट पहुंचती है। अफसोसनाक यह भी है कि ऐसा करने में राष्ट्रीय कही जाने वाली राजनीतिक पार्टियों के निचले स्तर के नेता-कार्यकर्ता तो बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते ही हैं, कई बार शीर्ष नेता भी निजी हमले करने या आदर्श आचार संहिता को धता बता कर अवांछित और निराधार टिप्पणियां करने से बाज नहीं आते। अक्सर माहौल इस हद तक कड़वा हो जाता है कि अच्छे विमर्श की जगह नहीं बन पाती। ऐसे में बहस को एक स्तरीय स्वरूप देने की चुनाव आयोग की अपेक्षा लोकतंत्र की मजबूती के लिहाज से जरूरी है। मगर यह सवाल लाजिमी है कि नेताओं की कुछ बेलगाम बयानबाजियों के खिलाफ कार्रवाई करके जहां आयोग को स्पष्ट संदेश भी देना चाहिए, वहां सिर्फ आग्रह करने की औपचारिकता का हासिल क्या होगा! अगर कभी निर्वाचन आयोग के पास अनर्गल टिप्पणियों के लिए किसी नेता के खिलाफ शिकायत जाती भी है तो नोटिस जारी करने से लेकर कार्रवाई होने तक की हकीकत छिपी नहीं रही है। आखिर क्या कारण है कि आयोग की तमाम हिदायतों के बावजूद नेताओं की बेलगाम बयानबाजियां बंद नहीं हो पा रहीं? आजादी के सात दशक के बाद के चुनावों में भी मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने के लिए अलग-अलग दलों के शीर्ष स्तर के नेता अगर एक बेहतर और गरिमापूर्ण लोकतांत्रिक विमर्श खड़ा कर पाने के बजाय बेहद उथली टिप्पणियों के जरिए चुनाव में जीत हासिल करने की कोशिश करते हैं तो यह किसकी नाकामी है?

# तपती धरती तड़पते लोग...

**अनिल तिवारी**



बेंगलुरु में पानी की किल्लत, ब्राजील की बाढ़, दुबई में बेतहाशा बारिश, उत्तराखंड में लगातार लहकते-जलते जंगल और भारत में विभिन्न इलाकों में लू (हीट वेव) की बढ़ती आक्रामकता से तपती धरती चिंता का सबब बने हुए हैं। जलवायु बदलाव के ऐसे बहुपक्षीय दुष्परिणामों से दुनिया चिंतित है। इसे लेकर जहां-तहां बौद्धिक विमर्श तो आयोजित होते रहे हैं लेकिन समाधान के लिए जो ठोस पहल होनी चाहिए, उसका सर्वथा अभाव है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उम्मीद की जा रही थी कि राजनीतिक दल अपने घोषणा पत्रों में जलवायु संकट को प्रमुखता से रेखांकित करेंगे लेकिन भाजपा और कांग्रेस जैसे बड़े दलों के दस्तावेजों में यह मसला महज खाना पूर्ति की तरह एक कोने में दुबका हुआ है। हाल ही में उच्चतम न्यायालय ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि लोगों को जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों से मुक्त होने का मौलिक अधिकार है, और यह अधिकार स्वाभाविक रूप से जीवन के अधिकार और समानता के अधिकार से प्राप्त है। संविधान में इसकी गारंटी दी गई है। उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि लोगों के स्वच्छ हवा या स्वच्छ पर्यावरण के अधिकार को भारतीय न्याय शास्त्र में पहले से ही बहुत अच्छी तरह से मान्यता दी गई है और जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ती तबाही को देखते हुए इसके खिलाफ सुरक्षा का अधिकार बनाना आवश्यक था। क्योंकि प्रतिकूल प्रभाव अपने आप में विशिष्ट अधिकार है। शीर्ष अदालत के इस फैसले से न केवल जलवायु परिवर्तन को लेकर आम जनता में जागरूकता बढ़ने की बात की गई बल्कि यह भी उम्मीद की गई कि लोग सरकार और संस्थाओं से इस मामले में जवाबदेह कार्यवाही की भी मांग करेंगे। आशा जगी कि सरकार और संस्थाएं ठोस पहल कर आम जन को राहत पहुंचाने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाएंगी। देश का आम जन-जीवन जलवायु बदलाव से उत्पन्न होने वाले खतरों की हद में है। समय-समय पर दुनिया भर के वैज्ञानिकों ने चेताया है कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण दुनिया हर पल, हर दिन, हर महीने, हर साल बदल रही है। पिघलते ग्लेशियर, चटखते हिमखंड और सर्दी गर्मी जैसे हर मौसम में पारा का थोड़ा और ऊपर उछल जाना, यह सब हमें उस भविष्य की ओर ले जा रहे हैं जहां से लौटना शायद मुमकिन न रह जाए। मालूम हो कि दुनिया के लगातार गर्म होते जाने की जानकारी कोई नई नहीं है। वर्ष 1824 में ही जोसेफ कोरियर ने बताया था कि धरती पर यदि कार्बन डाई ऑक्साइड की मात्रा बढ़ेगी तो धरती का तापमान बढ़ेगा। फलस्वरुप ध्रुवीय हिमखंड पिघल सकते हैं। लेकिन पिछले 200 वर्षों में हमने कार्बन डाइऑक्साइड एवं अन्य ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन घटाने के लिए कुछ नहीं किया। विकसित देशों ने तो घटाने की बजाय अपने बेतहाशा उपभोग के कारण इसे बढ़ाकर चरम पर पहुंचा दिया। एक अनुमान के मुताबिक ग्लोबल वार्मिंग जिस रफ्तार से बढ़ रही है उसमें 60त्न से अधिक का योगदान केवल कुछ गिने चुने अमीर देशों का ही है। इसके असली और सर्वाधिक गुनहगार वही है। ऐसे में गरीब और विकासशील देशों का मानना है कि इसको रोकने की शुरुआत विकसित देशों को ही करनी चाहिए। लेकिन लगे हाथ कुछ पर्यावरणविदों का यह भी कहना है कि विकसित देशों ने जिस जीवनशैली को अपना लिया है उसे रातों-रात छोड़ना उनके लिए आसान नहीं है। ऐसे में उन देशों की ओर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए जो तेजी से ग्रीन हाउस गैस को बढ़ाने वाली शैली को अपना रहे हैं। लेकिन यहां महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या विकासशील अथवा अविकसित देश यह जोखिम ले सकते हैं कि वे ग्लोबल वार्मिंग रोकने के लिए अपनी विकास यात्रा को ही रोक दें। आईपीसीसी जो विश्व के जलवायु परिवर्तन पर दुनिया भर में हो रहे शोधों का विश्लेषण कर बड़े निष्कर्ष प्रकाशित करती है, के अनुसार 2023 का वर्ष पिछले लगभग एक लाख साल में सबसे गर्म बरस रहा। यहां तक की जून 2023 से पिछले मार्च 2024 तक लगातार 8 महीने में तापमान रिकार्ड स्तर पर बढ़ता रहा। विश्व का औसत तापमान इस दौरान सामान्य से 0.2 डिग्री सेंटीग्रेड अधिक था जो बहुत ही असामान्य है। इस साल का मार्च वैश्विक स्तर पर सबसे गर्म महीना था, औसत तापमान 14.4 डिग्री सेल्सियस था जो मार्च 2016 में पिछले उच्च तापमान से 0.16 डिग्री अधिक था। जलवायु परिवर्तन का सीधा असर फसलों, पीने के पानी की उपलब्धता, बाढ़ और सुखा, भूस्खलन जैसी उग्र घटनाओं पर पड़ता है, वहीं निर्धन परिवारों की स्थिति और विकट हो जाती है। गर्मी के अधिक प्रकोप के समय भी खेत मजदूर, निर्माण मजदूर, सफाईकर्मी खुले में घंटे मेहनत करने को मजबूर होते हैं, क्योंकि इसके बिना वे अपने परिवार का पेट नहीं भर सकते। किसान तो फिर भी अपने कार्य के समय को मौसम के अनुसार निर्धारित कर लेते हैं लेकिन दूसरों के यहां मजदूरी करने वालों को प्रायः उनकी बात माननी ही होती है। उनका अधिकांश कार्य विशेष कर मार्च से जून तक घोर गर्मी में ही होता है। इंसानी हरकतें कुदरत को रौद्र रूप दिखाने पर मजबूर कर रही है। वैसे तो चरम मौसमी घटनाओं का समूचा पैटर्न ही भयावह परिणाम दिखाने वाला है, लेकिन जिस प्रकार से जैव विविधता पर असर पड़ रहा है और हमारे खान-पान की चीजों का स्वाद और उसके पोषक तत्वों में बदलाव आ रहा है, वह मानवीय अस्तित्व के लिए बड़े खतरे की तरह है। इसमें कोई दो राय नहीं कि मौसम के खेल से बेखबर सरकारें पर्यावरण संरक्षण का काम सिर्फ कागजों में ही करती रही हैं। अब तो कागजों में भी महज खानापूर्ति है। भाजपा का घोषणापत्र मुख्य रूप से मौजूद पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन कार्यक्रमों के विस्तार पर केंद्रित है। वहीं कांग्रेस का घोषणा पत्र पर्यावरण मानकों और जलवायु नीतियों को निर्धारित और लागू करने के लिए एक स्वतंत्र संरक्षण और जलवायु परिवर्तन प्राधिकरण बनाने की बात करता है। बीजेपी की नकल पर कांग्रेस ने भी वर्ष 2070 तक नेट जीरो हासिल करने का लक्ष्य रखा है। त्वरित कदम उठाने या कोई ठोस कार्रवाई किए जाने का वादा कहीं भी नहीं है।

# भरोसे की शक्ति और मन की गांठ...

**अंशु सिंह**

इंसान की स्मृति ऐसी होती है, जो आमतौर पर कुछ भी विस्मृत नहीं होने देती है। खासतौर पर तब जबकि अगर कोई मानसिक-शारीरिक रूप से स्वस्थ हो। कागज पर लिखे हुए शब्दों को साफ किया या मिटाया जा सकता है, लेकिन उसे नया नहीं किया जा सकता है। जैसे धागा अगर टूट जाए तो उसमें गांठ लगानी पड़ती है, तभी वह जुड़ता है। ठीक ऐसे ही, जब कोई हमें धोखा देता है या हमारा विश्वास तोड़ता है, तो कई बार हमें बेहद निराशा होती है। अगर किन्हीं हालात में जब फिर से उसके बहाल होने की स्थितियां पैदा होती हैं, तब कहते हैं कि उससे रिश्ते की गर्माहट खत्म हो जाती है। जिस तरह टूटा शीशा दोबारा पहले जैसा नहीं रह जाता है, वैसे ही एक बार भरोसा टूटने पर दोबारा करना कठिन हो जाता है। बचपन से देखा जाए तो एक बच्चा अपने माता-पिता पर विश्वास करके ही चलना और आगे बढ़ना सीखता है। उनके साथ रह कर वह खुद को सबसे अधिक सुरक्षित महसूस करता है। परिवार में एक शिशु को दुलार करने वाले चाहे कितने ही संबंधी हों, दादा-दादी, नाना-नानी हों, लेकिन जब उसे कोई तकलीफ होती है, वह रोता है, तो मां की गोद में जाकर ही शांत होता है। बच्चा जब बड़ा होता है और शिक्षा के मंदिर में पहुंचता है, तब उसके विश्वास का दायरा थोड़ा और बढ़ता है। वह अपने शिक्षक और सहपाठियों पर भरोसा करने लगता है। यह भी देखा गया है कि कई बार शिक्षक की दी हुई सीख के आगे वह अपनी मां या परिजनों की सलाह को भी मानने से इनकार कर देता है। बातें कई बार बहस में तब्दील हो जाती हैं। यह बताता है कि एक शिक्षक का कितना गहरा प्रभाव किसी बच्चे के मन-मस्तिष्क पर पड़ सकता है। हम कह सकते हैं कि बच्चे को अगर अपने शिक्षक पर इतना भरोसा हुआ, तो शिक्षक ने भी उसका विश्वास जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ी। यानी हर इंसान को अपने हिस्से का विश्वास कमाना पड़ता है। हां, यह है कि उसमें समय लग सकता है। हाल ही में खाद्य वस्तुओं का निर्माण और कारोबार करने वाली एक जानी-मानी अंतरराष्ट्रीय कंपनी को लेकर एक विवाद सामने आया। बताया गया कि कंपनी ने यूरोपीय देशों की तुलना में भारत जैसे कम विकसित देशों में अधिक चीनी की मात्रा वाले शिशु आहार की बिक्री की। हालांकि कंपनी ने अपनी ओर से सफाई आई कि यह सही नहीं है, मगर जो मांएं अपने शिशु के आहार को लेकर काफी सतर्कता बरतती हैं, स्वाभाविक ही उनका भरोसा एकदम से हिल गया। कुछ साल पहले आई एक खबर में यह बताया गया कि एक अध्ययन के मुताबिक मैगी में सीसे की मात्रा ज्यादा होती हैं। इस खबर के खुलासे के बाद बड़े पैमाने पर चिंता फैल गई थी। तैयार खाद्य वस्तुएं बेचने वाली कोई भी कंपनी अपने ग्राहकों के साथ इतना बड़ा धोखी करेगी, इसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। जाहिर है, उसके बाजार में वापस नए रूप में आने के बावजूद सवाल बने रहे, मगर लोगों ने शायद उस पर फिर भरोसा किया। अब इसके सामाजिक संदर्भों पर बात करें तो इन दिनों परिवारों के बिखरने की दर काफी बढ़ गई है। कहीं न कहीं इसका कारण एक दूसरे पर घटता विश्वास है। कुछ महीने पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मानसिक प्रताड़ना के आधार पर एक पुरुष की तलाक की अर्जी को स्वीकृति दी। साथ में यह भी कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम 1955 में संशोधन की आवश्यकता है, क्योंकि आधुनिक समाज में संबंध विच्छेद के कारण बदल गए हैं। इससे विवाह जैसी संस्था पर भी प्रश्नचिह्न लगने लगा है। यह समझना मुश्किल है कि क्यों हम यह भूल गए हैं कि दो वयस्कों की शादी आपसी विश्वास के आधार पर होती है। एक लड़की जब नए घर और परिवार यानी ससुराल में जाती है, तो उसके आगे की जीवन की डोर इसी भरोसे पर टिकी होती है। वह अपने जीवनसाथी के साथ परिवार के अन्य सदस्यों का विश्वास जीतकर उनके दिलों में अपनी जगह बनाती है। बदले में उसकी भी आस होती है कि उसके विश्वास को कोई तोड़े नहीं। विडंबना यह है कि उम्मीदें टूट रही हैं। भरोसा तार-तार हो रहा है। मन में गांठें पड़ रही हैं। रिश्तों में मनमुटाव का ऐसा असर हो रहा है कि तन-मन दोनों रोगग्रस्त होने लगे हैं। ये सारी स्थितियां बदल सकती हैं। टूटा विश्वास दोबारा से जुड़ सकता है, अगर हम दिल से क्षमा करना सीख लें। अपने मन की गांठों को खोलना शुरू कर दें।

# भंसाली की हीरामंडी में लाहौर के हिंदू गायब

आधुनिक लाहौर के निर्माता सर गंगाराम ने लाहौर की हर आधुनिक इमारत डिजाइन की थी, जैसे म्यूजियम, पोस्ट ऑफिस, नेशनल कॉलेज, केमिकल लेबोरेटरी, हॉस्पिटल आदि। लेकिन उसी वक्त के लाहौर को फिल्माते वक्त संजय लीला भंसाली ने अपनी वेब सीरीज 'हीरामंडी' से हिंदुओं को मानो गायब ही कर दिया है। 'हीरा मंडीः द डायमंड बाजार' की कहानी है लाहौर में जिस्म के बाजार हीरा मंडी के एक कोठे की। इस कोठे की हुजूर हैं मल्लिका जान (मनीषा कोइराला)। मल्लिका जान और उसका आशिक नवाब जुल्फिकार (शेखर सुमन) मल्लिका की छोटी बहन (सोनाक्षी सिन्हा) के बेटे की हत्या कर आत्महत्या का रूप दे देते हैं और मल्लिका बहन की सम्पत्ति पर कब्जा कर बन जाती है हीरा मंडी की मल्लिका। वेब सीरीज की कहानी अपनी जगह, लेकिन सवाल उठते हैं संजय लीला भंसाली के आजादी के पहले के लाहौर को पूरी तरह 'मुस्लिम लाहौर' दिखाने और इतिहास के साथ छोटे से खेल को लेकर। एक तो गलती भी है कि कैसे कहानी भारत छोड़ो आंदोलन के आसपास चल रही है, और आखिरी एपिसोड में अंग्रेज अधिकारी कहता है कि भारतीय फौजें भी अंग्रेजी फौजों के साथ मिलकर लड़ेंगी। जबकि तब दूसरा विश्व युद्ध समाप्ति की ओर था। दूसरे भंसाली ने तब के लाहौर को शायद आज का लाहौर समझ लिया, जहां हिंदू ना के बराबर हैं, केवल उर्दू के अखबार चलते हैं और नवाबों का राज चलता है। पूरी सीरीज में गिनती के हिंदू किरदार हैं। रिचा चड्ढा शायद इकलौती हिंदू नाम वाली तवायफ होती हैं। उसी तरह क्रांतिकारियों में केवल बलराज नाम का इकलौता हिंदू दिखता है जबकि कोठे के गाड़ीवान इकबाल और क्रांतिकारी गुरूदास को सिख दिखाया गया है। सच्चाई यह है कि जिस दौर के लिए सीरीज बनी है उसमें असहयोग आंदोलन के वक्त लाहौर में 38 प्रतिशत हिंदू सिख थे और भारत छोड़ो आंदोलन के वक्त 35 प्रतिशत। भंसाली को ये भी पता होना चाहिए कि बीसवीं सदी में अशफाकुल्लाह खान के अलावा कोई भी मुस्लिम क्रांतिकारी चर्चा में नहीं आया था, लड़की तो भूल ही जाइए। आसफ अली, मौलाना आजाद जैसे नेता कांग्रेस के थे। ज्यादातर मुस्लिम उन दिनों या तो जिन्ना के साथ अलग पाकिस्तान की लड़ाई लड़ रहे थे, या उससे पहले खिलाफत आंदोलन के लिए लड़ रहे थे। खास बात यह है कि आजादी के आंदोलन के दौरान चंद्रशेखर आजाद का छद्म नाम बलराज ही होता था। जिस मुस्लिम लड़की के अंग्रेज अफसर को सभा में भूनने की घटना दिखाई गयी है वो बंगाल की वीरांगना प्रीतिलता वाडेदार की कहानी से प्रेरित लगती है। पूरी सीरीज में कहीं भी गांधी, जिन्ना, नेहरू, लाला लाजपत राय तो छोड़िए भगत सिंह का नाम तक क्रांतिकारी नहीं लेते जबकि लाहौर में ही उन्हें फांसी दी गई थी। ये बात हजम नही होती। अगर भंसाली अपनी कहानी को पूरी तरह काल्पनिक रखना चाहते थे तो फिर आजादी की लड़ाई और लाहौर की हीरामंडी का नाम क्यों लिया गया? वैसे भी लाला लाजपत राय, भगत सिंह और आजाद की मौत के बाद लाहौर में कोई क्रांतिकारी घटना की जानकारी नहीं है। जानकारी मिलती है तो हिंदू मुस्लिम दंगों की जिसकी आग में अभिनेता प्राण का घर फूंक दिया गया था। उसके बाद गुस्से में वो कभी पाकिस्तान नहीं गए। इसी विषय पर बनी फिल्म करण जौहर की 'कलंक' जरुर ये दिखाती है कि तब लाहौर में चौधरी (संजय दत्त) का हीरा मंडी की एक तवायफ से बेटा जफर (वरुण धवन) होता है, जिसे वो नहीं अपनाते। बाद में जब वो बदला लेना चाहता है तो उसका दोस्त अब्दुल शहर को हिंदू मुस्लिम दंगों की आग में झोंक देता है।




## आज का राशिफल

**मेष** मेष : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-3-8-9

**वृषभ** वृष : स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-5-6-7

**मिथुन** मिथुन : संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की आशंका है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-6-7-9

**कर्क** कर्क : व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। समय आपके पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-3-7-9

**सिंह** सिंह : कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। विरोधियों के सक्रिय होने की आशंका है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-6-9

**कन्या** कन्या : मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-3-7-9

**तुला** तुला : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-4-8-9

**वृश्चिक** वृश्चिक : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-5-7

**धनु** धनु : व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। शुभांक-4-6-7

**मकर** मकर : शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक-3-6-8

**कुंभ** कुंभ : किसी से कहा सुनी न हो, यह ध्यान रहे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले दे कर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। शुभांक-4-6-8

**मीन** मीन : संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है, अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। मनोबल ऊंचा रखें। काम में लगे रहें, लाभ होगा। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-5-7-8

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5238


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 3 | | | 1 | |
| 1 | 3 | 9 | | 8 | 2 | | 6 | |
| 6 | | | | | | | 8 | |
| 7 | | 2 | | | | | | 1 |
| | | | 9 | | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 9 | | 6 |
| | 8 | | | | | | | 5 |
| | 5 | | 1 | 4 | | 2 | 9 | 7 |
| | 1 | | | 9 | | | 3 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

## सुडोकू पहेली क्र. 5237

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 3 | 7 | 5 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 8 | 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 7 | 5 |
| 5 | 2 | 7 | 8 | 3 | 4 | 6 | 1 | 9 |
| 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 8 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 |
| 1 | 4 | 2 | 6 | 9 | 3 | 7 | 5 | 8 |
| 2 | 5 | 4 | 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 |
| 7 | 9 | 1 | 3 | 8 | 5 | 2 | 4 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 4 | 2 | 1 | 5 | 9 | 7 |

## वर्ग पहेली 5238



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 1966 के दिन इस भारतीय महिला ने मिस वर्ल्ड का खिताब जीता था (5)
5. अव्यक्त मधुर ध्वनि (2)
7. कश्मीर की एक प्रसिद्ध झील (2)
8. एक ही समय होने वाला (5)
10. ज्वालामुखी से निकलने वाला विस्फोटक पदार्थ (2)
11. निजका, आत्म का (3)
12. संज्ञा या सर्वनाम की वह स्थिति जो वाक्य में क्रिया के साथ उसका संबंध बतलाती है, करने वाला (3)
14. पहर-पहर पर बजने वाला घंटा, जल्दी-जल्दी बजने वाला शब्द, भोर का घंटा (3)
16. साज या वाद्य बजाने की क्रिया (3)
18. भ्रम, संदेह, संशय, भय (2)
20. रत्न, मणि, नग, नगीना (4)
22. अल्प, थोड़ा, न्यून (2)
23. हजरत मुहम्मद की छंदोबद्ध स्तुति (2)
24. सद्गति को प्राप्त करवाना (3)

**(ऊपर से नीचे**
1. पढ़ने वाला, पाठक, कुलाध्यक्ष (3)
2. नृत्य में उसके काल और क्रिया का परिणाम (2)
3. रिसाने में प्रवृत्त करना (4)
4. एक पहर, तीन घंटे का समय (2)
5. एक युग प्रवर्तक देवता, पुराणानुसार 432000 वर्षों तक इस देवता का अधिकार रहेगा (2)
6. अत्यंत दुबला-पतला, लंबी गर्दन वाला एक जलपक्षी (4)
9. वेश्वांतर दानव की चार पुत्रियों में से एक (3)
10. निश्चित, बेफिक्र, असावधान (5)
11. एक सूर्यवंशी राजा का नाम जो दशरथ के पिता थे (2)
13. यह नाम सितार वादन के साथ जुड़ा है (5)
14. घोर शब्द करना, आर्तनाद करना (4)
15. निरूत्तर, चुप होने का भाव (2)
17. एक प्रकार की बांस की चटाई (3)
19. हसरत, तमन्ना, अभिलाषा, वांछा (3)
21. अपान वायु, हवा (2)

## वर्ग पहेली 5237 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मि | हि | र | से | न | ■ | क | म |
| ला | ल | ■ | वा | क | प | टु | ता |
| न | ग | ज | ■ | ब | ल | ■ | धि |
| ■ | ना | न | प | ज | ■ | डं | का |
| सो | ■ | ■ | ह | न | न | ■ | र |
| ह | ल | च | ल | ■ | सी | धा | ■ |
| ब | ला | ■ | वा | जि | ब | ■ | धा |
| त | ट | ■ | न | ■ | ■ | मौ | र |



## मोहिनी एकादशी व्रत के दौरान जरूर करें ये काम, सभी दुखों से मिलेगी मुक्ति

सनातन धर्म में एकादशी तिथि का विशेष महत्व है. एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित है. प्रत्येक एकादशी तिथि का अलग-अलग महत्व है. हर महीने में दो एकादशी तिथि आती है. वहीं साल में 24 एकादशी का व्रत रखा जाता है, इस दिन भगवान विष्णु और धन की देवी मां लक्ष्मी की विधि विधान पूर्वक पूजा आराधना की जाती है. वैशाख मास के शुक्ल पक्ष में पढ़ने वाली एकादशी तिथि को मोहिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है. आइए जानते है मोहिनी एकादशी व्रत के बारे में -

### मोहिनी एकादशी व्रत कब है?

हर साल वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मोहिनी एकादशी व्रत रखा जाता है. इस साल मोहिनी एकादशी तिथि 18 मई 2024 दिन शनिवार को सुबह 11 बजकर 22 मिनट पर शुरू होगी और इस तिथि का समापन 19 मई 2024 को दोपहर 1 बजकर 50 मिनट पर होगा.

### मोहिनी एकादशी व्रत पारण समय

मोहिनी एकादशी व्रत का पारण 20 मई सोमवार को किया जाएगा. उस दिन आप व्रत का पारण सुबह 05 बजकर 28 मिनट से सुबह 08 बजकर 12 मिनट के बीच कभी भी कर सकते हैं.

## मोहिनी एकादशी के दिन शमी के पेड़ की पूजा कैसे करें?

हिंदू पंचांग के अनुसार वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि के दिन मोहिनी एकादशी का व्रत रखा जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार इसी दिन भगवान श्रीहरि ने संसार की रक्षा करने के लिए मोहिनी रूप का अवतार लिया था। इस दिन व्रत रखने से और पूजा-पाठ करने व्यक्ति की सभी परेशानियां दूर हो सकती है। साथ ही सौभाग्य में भी वृद्धि होती है। इतनी ही नहीं, इस दिन व्रत रखने से व्यक्ति को सुख-समृद्धि का वरदान भी मिलता है। अब ऐसे में इस दिन शमी के पेड़ की पूजा करने का भी महत्व है।

**पूजन सामग्री** -शमी का पेड़, जल, गंगाजल, कलश, रोली, फूल, दीप, धूप, नैवेद्य (फल, मिठाई आदि), कलावा

मोहिनी एकादशी के दिन शमी के पेड़ की पूजा कैसे करें?

- मोहिनी एकादशी के दिन सबसे पहले ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान-ध्यान करें।
- घर के पूर्व या उत्तर दिशा में कलश स्थापित करें और उसमें जल भरकर रखें।
- शमी के पेड़ को स्वच्छ जल से धोकर उसे कलावा से बांधें। इसके बाद पेड़ पर रोली, चावल, फूल और दीप अर्पित करें। धूप जलाकर नैवेद्य का भोग लगाएं।
- शमी के पेड़ की पूजा करते हुए इस मंत्र का जाप विशेष रूप से करें।
- ऊँ नमो शमी शम्याय स्वाहा
- शमी के पेड़ की 11 बार परिक्रमा करें।
- इस दिन एकादशी व्रत कथा अवश्य पढ़ें।
- अगले दिन द्वादशी तिथि को सूर्योदय के बाद व्रत का पारण करें।
- ऐसा कहा जाता है कि शमी के पेड़ की पूजा करने से व्यक्ति को सुख-समृद्धि और सौभाग्य में वृद्धि हो सकती है। इसलिए इस दिन विधिवत रूप से पूजा करें।



# मोहिनी एकादशी पर बन रहे हैं कई शुभ योग

**19 मई को मोहिनी एकादशी मनाई जा रही है। प्रतिवर्ष यह एकादशी वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की ग्यारस तिथि के दिन मनाई जाती है। इस एकादशी के दिन भगवान श्री विष्णु जी की आराधना की जाती है, उनके पूजन-अर्चन से जहां घर में सुख-समृद्धि बढ़ती है, वहीं शाश्वत शांति भी प्राप्त होती है। अतः इस दिन व्रत-उपवास रखकर मोह-माया के बंधन से मुक्त होने के लिए यह एकादशी लाभदायी मानी गई है।**

वैशाख मास के शुक्ल पक्ष में पड़ने वाले एकादशी को मोहिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। मोहिनी एकादशी का दिन भगवान विष्णु और उनके मोहिनी अवतार की पूजा करने के लिए मनाया जाता है। हिंदू धर्म में साल में 24 एकादशी पड़ती हैं। एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित है और इस दिन श्रीहरि की पूजा की जाती है। वैसे तो सभी एकादशी महत्वपूर्ण मानी गई है लेकिन वैशाख मास के शुक्ल पक्ष में पड़ने वाली एकादशी का भी विशेष महत्व है। वैशाख मास के शुक्ल पक्ष में पड़ने वाले एकादशी को मोहिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। मोहिनी एकादशी का दिन भगवान विष्णु और उनके मोहिनी अवतार की पूजा करने के लिए मनाया जाता है। भक्त अपने पिछले पापों से छुटकारा पाने और विलासिता से भरा जीवन जीने के लिए मोहिनी एकादशी का व्रत रखते हैं। इस दिन व्रत-पूजा करने से साधक को सुख-सौभाग्य की प्राप्ति होती है। साथ ही घर में सुख समृद्धि भी बनी रहती है। इस बार मोहिनी एकादशी पर 3 शुभ योग बन रहे हैं। आइए जानते हैं किस तिथि पर पड़ेगी मोहिनी एकादशी, पूजा मुहूर्त और महत्व।

### मोहिनी एकादशी तिथि

वैशाख शुक्ल एकादशी तिथि आरंभ - 18 मई, 2024, प्रातः 11.23 मिनट पर
वैशाख शुक्ल एकादशी तिथि समाप्त -19 मई, 2024, दोपहर 01.50 मिनट पर
उदयातिथि के आधार पर मोहिनी एकादशी व्रत 19 मई, 2024 को रखा जाएगा।

### मोहिनी एकादशी पर शुभ योग

इस बार मोहिनी एकादशी पर कई शुभ योगों का निर्माण हो रहा है। इन योगों को ज्योतिषीय दृष्टि से बेहद शुभ माना जा रहा है। आइए जानते हैं इन शुभ योग के बारे में।

**अमृत योग** - 19 मई, रविवार प्रातः 05.28 से 20 मई, सोमवार तड़के 03.16 मिनट तक
वज्र योग- 18 मई, शनिवार, प्रातः 10.25 से 19 मई, रविवार प्रातः 11.25 मिनट तक
**सिद्धि योग** - 18 मई, शनिवार, प्रातः 11.25 ए एम, से 19 मई, रविवार, दोपहर 12.11 तक
इन योगों में मोहिनी एकादशी व्रत रखना और विष्णु जी की पूजा करना बहुत लाभ प्रदान करता है।
एकादशी के दिन करें इन मंत्रों का जाप
मोहिनी एकादशी के दिन व्रत-पूजा करने के साथ-साथ भगवान विष्णु के मंत्रों का जाप भी करें.

- ऊँ भूरिदा भूरि देहिनो, मा दभ्रं भूर्या भर।
  भूरि घेदिन्द्र दित्ससि।
  ऊँ भूरिदा त्यसि श्रुतः पुरूत्रा शूर वृत्रहन। आ नो भजस्व राधसि।
- ऊँ ह्रीं कार्तविर्यार्जुनो नाम
  राजा बाहु सहस्त्रवान।
  यस्य स्मरेण मात्रेण ह्वतं नष्टं च लभ्यते।।
- ऊँ नारायणाय नमः

### व्रत के दौरान रखें ध्यान

- मोहिनी एकादशी के दिन तुलसी के पत्ते नहीं तोड़ने चाहिए.
- मोहिनी एकादशी का उपवास निर्जला रखना चाहिए, इस दिन पानी भी नहीं पीना चाहिए.
- मोहिनी एकादशी पर सुबह जल्दी स्नान करना चाहिए, इस दिन साबुन से नहीं नहाना चाहिए.
- मोहिनी एकादशी तिथि को चावल से बनी चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए.
- भगवान विष्णु के जब भोग लगाएं तो तुलसी की पत्तियां जरूर डालना चाहिए.
- तामसिक चीजों मांस, शराब, लहसुन, प्याज का सेवन नहीं करना चाहिए.
- पूजा-पाठ और धर्म से जुड़े कार्य करने चाहिए. गरीबों का दान करना चाहिए.
- भगवान श्री हरि विष्णु के चरणों में अर्पित करें ये चीजें
- मोहिनी एकादशी तिथि के दिन अगर आप पीपल के पत्ते पर श्री हरि लिखकर 21 पत्ते को भगवान श्री हरि विष्णु के चरणों में अर्पित करते हैं तो सभी बिगड़े काम बनेंगे आपके सुखद समाचार की भी प्राप्ति होगी.

### ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करें

मोहिनी एकादशी के दिन ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करने के बाद पीला वस्त्र धारण करना चाहिए, इस दिन भगवान विष्णु की पूजा आराधना करनी चाहिए. दूध और चावल से बनी खीर कब भोग लगाना चाहिए. भगवान श्री हरि विष्णु चंद्र प्रसन्न होते हैं और मनचाहा वर प्रदान करते हैं.

### केले के पेड़ की पूजा

केले के पेड़ की पूजा से भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी भी प्रसन्न होती है. अगर आप मोहिनी एकादशी तिथि के दिन केले के पेड़ के समक्ष घी का दीपक अर्पित करते हैं. एकादशी तिथि में विधि विधान पूर्वक पूजा आराधना करने से आर्थिक संकट समाप्त होगा. घर से दरिद्रता दूर होगी.





# पूजा घर में पानी रखना क्यों है जरूरी, क्या है कारण?

**पूजा कक्ष में पानी क्यों रखते हैं? सभी घरों में पूजाघर होता है, जहां पर पूजन सामग्री के अलावा शंख, गरुढ़ घंटी, कौड़ी, चंदन बट्टी, तांबे का सिक्का, आचमन पात्री, गंगाजल और पानी का लोटा भी रखा जाता है। लोटा नहीं तो जल कलश रखते हैं। आखिर पूजा घर में यह पानी क्यों रखा जाता है। क्या है इसका कारण?**

### पवित्रता

प्रतिदिन पूजा के पूर्व हम जल से भगवान के विग्रह को स्नान कराने के बाद स्थान पर जल छिड़ककर उसे पवित्र करते हैं। इसीलिए जल की आवश्यकता हेतु एक लोटे में पानी रखा जाता है।

### वरुण देव

जिस तरह गुरुड़देव की स्थापना गरुड़ घंटी के रूप में कि जाती है उसी प्रकार वरुण देव की स्थापना जल के रूप में की जाती है। ऐसा करने का कारण यह है कि जल की पूजा वरुण देव के रूप में होती है और वही दुनिया की रक्षा करते हैं।

### तुलसी जल

पूजा घर में रखे जल में तुलसी के कुछ पत्ते डाल कर रखे जाते हैं जिसके चलते वह जल शुद्ध एवं पवित्र होने के साथ ही आचमन योग बन जाता है और इसी से जब हम पूजा स्थल को शुद्ध करते हैं तो देवी एवं देवता प्रसन्न होते हैं।

### नैवद्य


नैवेद्य हम प्रतिदिन पूजा के बाद भगवान को प्रसाद अर्पण करते हैं जिसे नैवद्य कहते हैं। नैवद्य में मिठास या मधुरता होती है। आपके जीवन में मिठास और मधुरता होना जरूरी है। देवी और देवता को नैवद्य लगाते रहने से आपके जीवन में मधुरता, सौम्यता और सरलता बनी रहेगी। फल, मिठाई, मेवे और पंचामृत के साथ नैवेद्य चढ़ाया जाता है। नैवेद्य अर्पित करने के बाद भगवान को जल अर्पण करने के लिए ही पूजा घर में पानी रखा जाता है।

### जल की स्थापना

पूजा घर या उत्तर एवं ईशान कोण में जल की स्थापना करने से घर में सुख एवं समृद्धि बनी रहती है। इसलिए पूजा घर में जल की स्थापना की जाती है। पूजा के स्थान पर तांबे के बर्तन में जल रखते हैं तो यह बहुत ही शुभ माना जाता है। मान्यता के अनुसार जल रखने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

### आरती

जब हम आरती करते है उसके बाद आरती की थाली पर थोड़ा सा जल लागकर आरती को ठंडा किया जाता है। इसके बाद चारों दिशाओं में और सभी व्यक्तियों पर जल का छिड़काव किया जाता है। इसके बाद सभी को चरणामृत प्रदान करके प्रसाद देते हैं। इसलिए भी जल को पूजाघर में रखा जाता है।



# केदारनाथ की यात्रा से मिलते हैं शुभ फल

उत्तराखंड में मई माह से छोटा चार धाम की यात्रा प्रारंभ होती है। इसमें केदारनाथ की यात्रा भी होती है। केदारनाथ की यात्रा सही मायने में हरिद्वार या ऋषिकेश से आरंभ होती है। हरिद्वार से सोनप्रयाग 235 किलोमाटर और सोनप्रयाग से गौरीकुंड 5 किलोमीटर आप सड़क मार्ग से किसी भी प्रकार की गाड़ी से जा सकते हैं। गौरीकुंड से आगे लगभग 16 किलोमाटर का रास्ता आपको पैदल ही चलना होगा या आप पालकी या घोड़े से भी जा सकते हैं। अधिकतर लोग सोनप्रयाग या गौरीकुंड में रुकते हैं।

- भगवान शिव मुक्ति देने वाले हैं। वे ही जन्म देने वाले, पालनहार और संहारक भी हैं। उनके दर पर दान मिलता है तो मृत्युदंड भी। वे ही आदि, अंत और अनंत परब्रह्म हैं। संपूर्ण धरती पर सभी धर्मों के लोग उनको ही किसी न किसी रूप में पूजते या उनकी प्रार्थना करते हैं। धार्मिक मान्यता है कि चार धाम यात्रा करने से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है।
- केदारनाथ में शिव का रुद्ररूप निवास करता है, इसलिए इस संपूर्ण क्षेत्र को रुद्रप्रयाग कहते हैं। केदारनाथ का मंदिर उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले के रुद्रप्रयाग नगर में है। यहां भगवान शिव ने रौद्र रूप में अवतार लिया था। देश के बारह ज्योतिर्लिंगों में सर्वोच्च है केदारनाथ धाम। मानो स्वर्ग में रहने वाले देवताओं का मृत्युलोक को झांकने का यह झरोखा हो। धार्मिक ग्रंथों अनुसार बारह ज्योतिर्लिंगों में केदार का ज्योतिर्लिंग सबसे ऊंचे स्थान पर है।
- मान्यता है कि समूचा काशी, गुप्तकाशी और उत्तरकाशी क्षेत्र शिव के त्रिशूल पर बसा है। यहीं से पाताल और यहीं से स्वर्ग जाने का मार्ग है। शिव पुराण के अनुसार मनुष्य यदी बदरीवन की यात्रा करके नर तथा नारायण और केदारेश्वर शिव के स्वरूप का दर्शन करता है, निःसन्देह उसे मोक्ष प्राप्त हो जाता है।
- ऐसा मनुष्य जो केदारनाथ ज्योतिर्लिंग में भक्ति-भावना रखता है और उनके दर्शन के लिए अपने स्थान से प्रस्थान करता है, किन्तु रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो जाती है, जिससे वह केदारेश्वर का दर्शन नहीं कर पाता है, तो समझना चाहिए कि निश्चित ही उस मनुष्य की मुक्ति हो गई।
- शिव पुराण के अनुसार केदारतीर्थ में पहुंचकर, वहां केदारनाथ ज्योतिर्लिंग का पूजन कर जो मनुष्य वहां का जल पी लेता है, उसका पुनर्जन्म नहीं होता है।

केदारेशस्य भक्ता ये मार्गस्थास्तस्य वै मृताः।
तेऽपि मुक्ता भवन्त्येव नात्र कार्य्या विचारणा।।
तत्वा तत्र प्रतियुक्तः केदारेशं प्रपूज्य च।
तत्रत्यमुदकं पीत्वा पुनर्जन्म न विन्दति।।

- स्कंद पुराण में भगवान शंकर, माता पार्वती से कहते हैं, हे प्राणेश्वरी! यह क्षेत्र उतना ही प्राचीन है, जितना कि मैं हूं। मैंने इसी स्थान पर सृष्टि की रचना के लिए ब्रह्मा के रूप में परब्रह्मत्व को प्राप्त किया, तभी से यह स्थान मेरा चिर-परिचित आवास है।
- भगवान शंकर पांडवों की भक्ति, दृढ़ संकल्प देखकर प्रसन्न हो गए थे। तब उन्होंने तत्काल दर्शन देकर पांडवों को युद्ध के पाप से पापमुक्त कर दिया था। उसी समय से भगवान शंकर बैल की पीठ की आकृति-पिंड के रूप में श्री केदारनाथ में पूजे जाते हैं।

# बारिश ने हैदराबाद को दिलाया प्लेऑफ का टिकट, गुजरात के खिलाफ मैच रद्द, दिल्ली अंतिम-4 की रेस से बाहर



**हैदराबाद, एजेंसी।** बारिश ने सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल के प्लेऑफ का टिकट दिला दिया। बारिश के कारण हैदराबाद और लखनऊ का मैच रद्द हो गया और इससे दोनों टीमों को एक-एक अंक मिले। हैदराबाद के अब 15 अंक हो गए हैं और वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। हैदराबाद प्लेऑफ में पहुंचने वाली तीसरी टीम बन गई है। इससे पहले कोलकाता नाइटराइडर्स और राजस्थान रॉयल्स जगह पक्की कर चुकी हैं।

**टॉस भी नहीं हो सका-** बारिश के कारण हैदराबाद और गुजरात के मैच में टॉस भी नहीं हो पाया। एक समय बारिश रुकने के बाद अंपायरों ने रात आठ बजे टॉस और 8: 15 से मैच शुरू करने का फैसला किया था। लेकिन टॉस के समय से पहले ही फिर बारिश आ गई। इसके बाद लगातार बारिश के चलते अंपायरों ने मैच को रद्द करने का फैसला किया। वहीं, गुजरात का यह लगातार दूसरा मैच बारिश के कारण रद्द हुआ है। इससे पहले उसका कोलकाता के खिलाफ भी मैच रद्द हुआ था। उससे पहले कोलकाता और मुंबई के बीच मुकाबला भी बारिश से प्रभावित रहा था। वह मैच दो घंटे 15 मिनट की देरी से शुरू हुआ था और 16-16 ओवर का हुआ था।

**2020 के बाद पहली बार प्लेऑफ में पहुंची हैदराबाद-** साल 2020 के बाद हैदराबाद ने प्लेऑफ में जगह बनाई है, जबकि टीम ने कुल सातवीं बार प्लेऑफ का टिकट कटाया है। हैदराबाद के प्लेऑफ में पहुंचने से दिल्ली कैपिटल्स दौड़ से बाहर हो गई है। दिल्ली के 14 मैचों में 14 अंक हैं और उसके सभी मैच खत्म हो गए हैं। वह -0.377 रन रेट के साथ पांचवें स्थान पर रह गई है।



**एक जगह के लिए तीन टीमें दौड़ में-** अब प्लेऑफ के लिए शेष एक जगह भरने के लिए तीन टीमें चेन्नई सुपरकिंग्स, रॉयल चैलेंजर्स बंगलूरू और लखनऊ सुपरजाएंट्स दौड़ में हैं। हैदराबाद के अब 13 मैचों में 15 अंक हैं और चेन्नई सुपर किंग्स को छोड़कर कोई भी अन्य टीम 15 या इससे ज्यादा अंक नहीं बना सकती है। ऐसे में सनराइजर्स ने प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया। चेन्नई के 13 मैचों के बाद 14 अंक हैं। टीम को 18 मई को बेंगलुरु से भिड़ना है। बेंगलुरु और लखनऊ दोनों के 12-12 अंक हैं। हालांकि, लखनऊ का नेट रन रेट काफी निगेटिव है और उन्हें इसका भरपाई कर पाना मुश्किल होगा।

### संक्षिप्त समाचार

## ब्राजील फीफा महिला विश्व कप 2027 का मेजबान बना

**बैंकॉक, एजेंसी।** ब्राजील को शुक्रवार को यहां 74वीं फीफा कांग्रेस में महिला विश्व कप 2027 के लिए मेजबान नामित किया गया है। ब्राजील की बोली बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड के खिलाफ प्रबल रही, और फीफा कांग्रेस में खुले वोट के साथ मेजबानी का अधिकार पाने वाला पहला देश बन गया। ब्राज़ील को 119 वोट मिले जबकि जर्मनी, नीदरलैंड और बेल्जियम की संयुक्त बोली को 78 वोट मिले। महिला विश्व कप पहली बार दक्षिण अमेरिका में आयोजित किया जाएगा। चीन, स्वीडन, अमेरिका, जर्मनी, कनाडा और फ्रांस सभी ने 2023 के आयोजन से पहले कम



से कम एक अवसर पर मेजबानी की। इससे पहले, ब्राजील ने 1950 में पुरुष विश्व कप और 2014 विश्व कप का आयोजन किया था। ब्राजीलियाई फुटबॉल परिसंघ के अध्यक्ष एडनाल्डो रोड्रिग्स ने कहा,आज हम बैंकॉक में एक ऐतिहासिक दिन का अनुभव कर रहे हैं। यह विश्व महिला फुटबॉल की जीत है। मैं आप सभी को आश्वस्त करता हूं कि यह इतिहास का सर्वश्रेष्ठ महिला विश्व कप होगा। उन्होंने कहा, विश्व कप में निवेश के अलावा, ब्राजील और उत्तरी अमेरिका दक्षिण में महिला फुटबॉल विकास में एक बड़ी छलांग लगाएंगे। यह फीफा महिला विश्व कप का दसवां संस्करण होगा।

# सबसे ज्यादा कमाई करने वाले शीर्ष 10 एथलीट्स में पांच फुटबॉलर

### बास्केटबॉल के तीन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रोनाल्डो पिछले साल भी शीर्ष पर थे। हालांकि, तब उनकी कमाई 136 मिलियन यूएस डॉलर यानी 1133 करोड़ रुपये थी, जो कि इस साल लगभग दोगुनी हो गई है। फोर्ब्स ने साल 2024 के सबसे ज्यादा कमाई करने वाले शीर्ष 50 एथलीटों की सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में कोई भी भारतीय नाम नहीं है और न ही क्रिकेट खेलने वाला कोई खिलाड़ी है। पिछली बार 2020 में किसी भारतीय एथलीट ने इस लिस्ट में जगह बनाई थी। तब विराट कोहली शीर्ष 100 की सूची में 66वें नंबर पर रहे थे। 2021 से वह फोर्ब्स की सूची से गायब हैं। 2024 की ताजा लिस्ट में पुर्तगाल और अल नस्र के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो शीर्ष पर हैं। उन्होंने इस साल 260 मिलियन यूएस डॉलर यानी 2167 करोड़ रुपये की कमाई की है। रोनाल्डो ने इस मामले में अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर और कप्तान लियोनल मेसी जैसे खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया। रोनाल्डो पिछले साल भी शीर्ष पर थे। हालांकि, तब उनकी कमाई 136 मिलियन यूएस डॉलर यानी 1133 करोड़ रुपये थी, जो कि इस साल लगभग दोगुनी हो गई है। साल 2024 में शीर्ष-10 कमाई करने वाले एथलीट्स की सूची में फुटबॉल के सबसे ज्यादा पांच खिलाड़ी हैं, जबकि बास्केटबॉल के तीन और गोल्फ-रग्बी (अमेरिकी फुटबॉल) के एक-एक खिलाड़ी हैं।





### मेसी लिस्ट में दूसरे से तीसरे स्थान पर लुढ़के

इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाले एथलीटों में दूसरे नंबर पर गोल्फ के खिलाड़ी जॉन रैम हैं। उनकी कुल कमाई 218 मिलियन यूएस डॉलर यानी 1818 करोड़ रुपये की है। तीसरे नंबर पर 135 मिलियन यूएस डॉलर यानी 1126 करोड़ रुपये की कमाई के साथ मेसी हैं। मेसी पिछले साल दूसरे नंबर पर थे और उनकी कमाई 130 मिलियन यूएस डॉलर यानी 1084 करोड़ रुपये की रही थी। इस साल उनकी कमाई तो बढ़ी है, लेकिन रोनाल्डो की तुलना में बेहद कम रही है। रोनाल्डो को सऊदी फुटबॉल लीग में अल नस्र से जुड़ने का फायदा हुआ, जबकि मेसी पीएसजी छोड़कर मेजर लीग सॉकर में मियामी टीम को जॉइन किया था।

### नेमार ने भी टॉप-10 में बनाई जगह

इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाले एथलीटों में चौथे नंबर पर स्टार बास्केटबॉल खिलाड़ी लेब्रोन जेम्स हैं। उन्होंने इस साल 128.2 मिलियन यूएस डॉलर यानी 1069 करोड़ रुपये की कमाई की है। पिछले साल लेब्रोन चौथे नंबर पर ही थी। तब उनकी कमाई 119.5 मिलियन यूएस डॉलर यानी 996 करोड़ रुपये की रही थी। इस साल पांचवें नंबर पर गियानिस हैं। उनकी कमाई 111 मिलियन यूएस डॉलर यानी 925 करोड़ रुपये की रही है। छठे नंबर पर पीएसजी और फ्रांस के स्टार फुटबॉलर किलियन एम्बाप्पे हैं। उनकी कमाई 110 मिलियन यूएस डॉलर यानी 917 करोड़ रुपये की रही है। एम्बाप्पे पिछले साल तीसरे स्थान पर थे। तब उनकी कमाई 120 मिलियन डॉलर यानी 1000 करोड़ रुपये की रही थी।

### पिछले साल की लिस्ट से काफी अंतर

आठवें नंबर पर 106 मिलियन यूएस डॉलर यानी 883 करोड़ रुपये की कमाई के साथ फ्रांस के पूर्व स्टार फुटबॉलर करीम बेंजेमा हैं। जबकि नौवें नंबर पर 102 मिलियन यूएस डॉलर यानी 850 करोड़ रुपये की कमाई के साथ स्टार बास्केटबॉल प्लेयर स्टीफन करी हैं। 10वें स्थान पर अमेरिकी फुटबॉल यानी रग्बी प्लेयर लमार जैकसन हैं। उन्होंने इस साल 100.5 मिलियन यूएस डॉलर यानी 838 करोड़ रुपये की कमाई की है। पिछले साल से इस साल की लिस्ट में पांच खिलाड़ियों का अंतर है। पिछले साल इस लिस्ट में ज्यादातर खिलाड़ी बास्केटबॉल के थे। पिछले साल बॉक्सर कनेलो अल्वारेज (पांचवां स्थान, 110 मिलियन यूएस डॉलर), गोल्फर डस्टिन जॉनसन (छठा स्थान, 107 मिलियन यूएस डॉलर), गोल्फर फिल मिकेलसन (सातवां स्थान, 106 मिलियन यूएस डॉलर), पूर्व टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर (नौवें स्थान, 95.1 मिलियन यूएस डॉलर) और बास्केटबॉल खिलाड़ी केविन डुरंट (10वां स्थान, 89.1 मिलियन यूएस डॉलर) इस लिस्ट में शामिल थे।

### आईपीएल 2024

## कोहली ने आरसीबी के इंटरव्यू में किए बड़े खुलासे, छेत्री और बेटी वामिका के लिए कही बड़ी बात

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय फुटबाल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने कल संन्यास लेने का ऐलान कर दिया था . जिसपर उनके दोस्त और भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने उनसे बात की है. कोहली इस सीजन बल्ले से काफी शानदार फॉर्म में नजर आ रहे है और हर मैच में उनके बल्ले से रन देखने को मिल रहा है. इसी बीच कोहली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के प्रेजेंटर नैग्स से बात की है. इसी बातचीत में कोहली ने अपने दोस्त सुनील छेत्री को लेकर बोले की वो महान खिलाड़ी है. सुनील ने मुझे मैसेज करके बताया था कि वह संन्यास लेने जा रहा है. आगे कोहली ने कहा की मुझे लगता है कि वह अपने इस फैसले से काफी संतोष महसूस कर रहा है.

### कोहली ने क्या कहा



विराट ने कहा की सुनील काफी शानदार इंसान है और पिछले कुछ सालों में हम काफी करीब आए है. सुनील को मैं उनके आने वाले करियर को लेकर ढेर सारी बधाई देता हूं. इसी वीडियो में कोहली ने अपनी बेटी वामिका को लेकर भी बात की है. आगे कोहली बोलते है की वामिका अब बल्ला घुमाने लगी है और मैं कभी अपने बच्चों पर क्रिकेट खेलने को लेकर दबाव नहीं बनाया है और ना ही बनायेंगे . कोहली ने आगे कहा की मेरी बेटी ने बल्ला उठाया और उसे घुमाने में मजा आ रहा है लेकिन उसे आगे क्या बनना है, यह उसका फैसला होगा .

**चेन्नई के खिलाफ अहम मैच-** आरसीबी की टीम को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 18 मई को सबसे अहम मुकाबला खेलना है. जिसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की टीम को जीत दर्ज करना काफी अहम है. प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए आरसीबी को चेन्नई से 18 रनों से बड़ी जीत दर्ज करनी होगी. तभी उसकी जगह प्लेऑफ में बन पाएगी. आरसीबी को बड़ी जीत दर्ज करने के लिए विराट कोहली के बड़े पारी खेलनी होगी.

## व्यापार

# बिना गारंटी वाले कर्ज पर ज्यादा निर्भरता एनबीएफसी के लिए ठीक नहीं : डिप्टी गवर्नर

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने आगाह किया है कि असुरक्षित माने जाने वाले यानी बिना गारंटी वाले कर्ज और पूंजी बाजार वित्तपोषण पर अत्यधिक निर्भरता लंबे समय में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के लिए समस्या खड़ी कर सकती हैं। स्वामीनाथन ने आरबीआई के बुधवार को आयोजित एक सम्मेलन में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के आश्वासन कार्यों (अनुपालन, जोखिम और आंतरिक ऑडिट) प्रमुखों को संबोधित करते हुए उधार के बारे में निर्णय लेने के लिए 'एल्गोरिदम पर अत्यधिक निर्भरता को लेकर भी चेतावनी दी। उन्होंने 'नियमों की अनदेखी करने के लिए नियमों के 'बुद्धिमतापूर्ण विश्लेषण के रुख पर आरबीआई की निराशा को भी सार्वजनिक किया। उन्होंने इसे वित्तीय प्रणाली के लिए 'महत्वपूर्ण जोखिम बताया।




स्वामीनाथन ने कहा कि कुछ उत्पादों या असुरक्षित ऋण जैसे क्षेत्रों के लिए जोखिम काफी ज्यादा हैं और यह लंबे समय तक टिकने वाला नहीं है। उन्होंने कहा, ÷ऐसा लगता है कि ज्यादातर एनबीएफसी में एक ही काम करने की इच्छा है। जैसे कि खुदरा असुरक्षित ऋण, 'टॉप अप ऋण अथवा पूंजी बाजार वित्तपोषण। ऐसे उत्पादों पर अत्यधिक निर्भरता बाद में समस्या खड़ी कर सकती है। स्वामनाथन ने 'एल्गोरिदम आधारित कर्ज देने के मुद्दे पर कहा कि कई संस्थाएं बही-खातों में तेजी से वृद्धि के लिए नियम-आधारित 'क्रेडिट का रुख कर रही हैं।

उन्होंने कहा, ''हालांकि, स्वचालन दक्षता को बढ़ा सकता है, पर एनबीएफसी को ऐसे मॉडल से खुद को बांधना नहीं चाहिए। यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि नियम-आधारित कर्ज देने की व्यवस्था केवल उतने ही प्रभावी हैं जितने कि आंकड़े और मानदंड जिनपर वे बनाए गए हैं। स्वामीनाथन ने कहा, ''विशेष रूप से उभरती बाजार स्थितियों में ऐतिहासिक आंकड़े या एल्गोरिदम पर अत्यधिक निर्भरता से कर्ज मूल्यांकन में चूक हो सकती है। उन्होंने एनबीएफसी को अपनी क्षमताओं और सीमाओं पर स्पष्ट दृष्टिकोण बनाए रखने और निगरानी व्यवस्था पर ध्यान देने को कहा। उन्होंने एनबीएफसी से साइबर सुरक्षा जोखिमों पर भी पर्याप्त ध्यान देने को कहा। डिप्टी गवर्नर ने कहा कि जोखिम प्रबंधन और आंतरिक ऑडिट कार्यों को कौशल मानदंडों पर कसना होगा ताकि वे समय-समय पर आईटी और साइबर सुरक्षा को लेकर अपनी संस्थाओं की तैयारियों का आकलन करने में सक्षम हो सकें।

# मार्च तिमाही में पर्सनल कंप्यूटर बाजार 2.6 फीसदी बढ़ा, एचपी का वर्चस्व: रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में डेस्कटॉप और नोटबुक जैसे पर्सनल कंप्यूटर (पीसी) का बाजार मार्च तिमाही में 2.6 प्रतिशत बढ़कर 30.7 लाख इकाई का हो गया। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। बाजार अनुसंधान फर्म इंटरनेशनल डेटा कॉरपोरेशन (आईडीसी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि बिक्री में 8.8 प्रतिशत की गिरावट के बावजूद एचपी 30.1 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ पर्सनल कंप्यूटर बाजार में अग्रणी बनी हुई है। जनवरी-मार्च तिमाही में एचपी की पीसी बिक्री एक साल पहले के 10.12 लाख से घटकर 9.23 लाख इकाई रह गई। डेल टेक्नोलॉजीज और एसर ग्रुप की दोनों की पीसी बाजार में हिस्सेदारी 28.8 प्रतिशत



बढ़कर क्रमशः 17.5 और 15.4 प्रतिशत हो गई। हालांकि, आलोच्य तिमाही में लेनोवो और आसुस की बाजार हिस्सेदारी घटकर क्रमशः 15.1 और 5.9 प्रतिशत रह गई। सालाना आधार पर लेनोवो की हिस्सेदारी 4.7 लाख इकाई से 1.3 प्रतिशत घटकर 4.64 लाख इकाई रह गई, जबकि आसुस की हिस्सेदारी 1.98 लाख इकाई से 8.3 प्रतिशत घटकर 1.82 लाख इकाई हो गई। आईडीसी इंडिया के एसोसिएट उपाध्यक्ष (ग्राहक उपकरण) नवकेंदर सिंह ने कहा, ''आईटी एवं आईटीईएस क्षेत्र और वैश्विक स्तर से खरीद कम होने से पीसी बाजार को वाणिज्यिक क्षेत्र में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

# अप्रैल में 40 प्रतिशत बढ़ गई एसी की बिक्री, इस सीजन कीमतों में बढ़ोतरी की संभावना नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मौसम विभाग ने इस साल गर्म दिनों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई है। इस बीच कूलिंग अप्लायंसेज, खासतौर पर एसी की बिक्री बढ़ रही है। अप्रैल में पिछले साल के मुकाबले एसी की बिक्री करीब 40 फीसदी ज्यादा रही। पूरे सीजन में इनकी बिक्री 25 फीसदी से अधिक बढ़कर रिकॉर्ड 1.25 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। 2023 में 1 करोड़ से ज्यादा ऐसी बिके थे। एसी कंपनियों के अधिकारियों ने कहा कि डिमांड बढ़ने के बावजूद इस सीजन में कीमतें बढ़ने की संभावना नहीं है। बहरहाल, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड अप्लायंसेज मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन का कहना है कि एसी की बिक्री 20-35 फीसदी बढ़ सकती है। गोदरेज अप्लायंसेज के बिजनेस हेड और ईवीपी कमल नंदी को इस साल एसी की बिक्री 25-30 फीसदी बढ़ने की उम्मीद है। एसोसिएशन के मुताबिक, देश का एसी मार्केट इस साल 50 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है। बीते



साल बिके 102 करोड़ एसी में 89 फीसदी स्प्लिट एसी थे। पैनासोनिक इंडिया के एसी डिवीजन हेड अभिषेक वर्मा ने बताया कि देश में सिर्फ 7 फीसदी घरों में एसी है, जबकि ग्लोबल एवरेज 8 फीसदी है। हाल के वर्षों में हालात बदले हैं। पहले आम भारतीय घरों में एक एसी होता था। अब 3-4 साल में दूसरा या तीसरा एसी लग रहा है। एसी में इस्तेमाल होने वाले एल्युमीनियम और कॉपर जैसी मेटल की कीमतें इस साल बढ़ी हैं।


# चीन में विदेशी निवेश कम होने से भारत को मिल रहा फायदा : संयुक्त राष्ट्र


**नई दिल्ली, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र को भी भारत में काफी संभावनाएं दिख रही हैं। संयुक्त राष्ट्र के एक अधिकारी का कहना है कि चीन में विदेशी निवेश कम होने से भारत को ज्यादा फायदा हो रहा है। कई पश्चिमी कंपनी के लिए एक वैकल्पिक गंतव्य बन गया है। इससे भारत की आर्थिक वृद्धि काफी बेहतर हुई है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2024 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि को संशोधित किए जाने के मौके पर विशेषज्ञ ने यह बात कही। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग (यूएन डीईएसए) के आर्थिक विश्लेषण और नीति प्रभाग में वैश्विक आर्थिक निगरानी शाखा के प्रमुख हामिद राशिद ने यह बात कही। भारत कई पश्चिमी कंपनियों के लिए एक वैकल्पिक निवेश स्रोत या गंतव्य बन गया है। राशिद ने कहा कि मुझे लगता है कि इससे भारत को फायदा हो रहा है। वह 'वैश्विक आर्थिक स्थिति एवं संभावनाएं 2024' के मध्य-वर्ष के ताजा अनुमानों पर जानकारी दे रहे थे। वर्ष 2024 के लिए भारत की वृद्धि संबंधी अनुमान को संशोधित किया गया है। यह अनुमान जताया गया है कि इस वर्ष देश की अर्थव्यवस्था लगभग सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। साल 2024 के मध्य तक 'वैश्विक आर्थिक स्थिति व संभावनाओं' संबंधी जारी आंकड़ों में कहा गया कि भारत की अर्थव्यवस्था 2024 में 6.9 प्रतिशत और 2025 में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है, जो मुख्य रूप से मजबूत सार्वजनिक निवेश और लचीली निजी खपत से प्रेरित है। हालांकि, कमजोर बाहरी मांग का व्यापारिक निर्यात वृद्धि पर असर जारी रहेगा, औषधि और रसायनों के निर्यात में जोरदार वृद्धि की उम्मीद है। मध्य वर्ष के ताजा आंकड़ों में भारत के लिए 6.9 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान इस साल जनवरी में संयुक्त राष्ट्र द्वारा लगाए गए 6.2 प्रतिशत की वृद्धि दर के अनुमान से अधिक है।



# आईआईएफएल सिक्योरिटीज का चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ दोगुना होकर 180.4 करोड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईआईएफएल सिक्योरिटीज का जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ दोगुना होकर 180.4 करोड़ रुपए रहा। कंपनी का पिछले साल समान अवधि में मुनाफा 86.4 करोड़ रुपए था। आईआईएफएल सिक्योरिटीज ने एक बयान में कहा, वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में कंपनी की आय सालाना आधार पर 74 प्रतिशत बढ़कर 704.4 करोड़ रुपए हो गई। आईआईएफएल सिक्योरिटीज के चेयरमैन वेंकटरमन ने कहा, ''हमने अपने सभी व्यावसायिक क्षेत्रों में मजबूत वृद्धि देखी। हमारी संस्थागत ब्रोकिंग और निवेश बैंकिंग फ्रेंचाइजी ने शानदार परिचालन प्रदर्शन के साथ अपनी प्रतिस्पर्धी स्थिति में काफी सुधार किया है... समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का शुद्ध लाभ बढ़कर 512.1 करोड़ रुपए के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। कुल आय 63 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,231.3 करोड़ रुपए रही। कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2023-2024 के लिए दो रुपए अंकित मूल्य के प्रति शेयर पर तीन रुपए के अंतरिम लाभांश को मंजूरी दी है।





## बड़ी फिल्में देखने से अच्छा है कि लोग अच्छी फिल्म देखने जाएं

मनोज बाजपेयी की फिल्म भैया जी जल्द ही रिलीज होने जा रही है। बॉक्स ऑफिस से गायब रौनक पर एक्टर बोले–जब कोई फिल्म 400 करोड़ कमाती है तो आप उनकी लागत भी देखिए। उन्होंने आगे कहा– बड़ी फिल्में देखने से अच्छा है कि लोग अच्छी फिल्म देखने जाएं। पिछले कुछ अरसे से बॉक्स ऑफिस से रौनक गायब है। वहीं मई के महीने में भी चुनिंदा फिल्में ही रिलीज हो रही हैं। इनमें एक मनोज बाजपेयी की फिल्म भैया जी भी है। काफी अरसे से ओटीटी पर अपना दम दिखा रहे मनोज कहते हैं कि पिछले दिनों सिनेमा पर आई उनकी फिल्म जोरम महज 250 स्क्रीन पर रिलीज हुई थी। अब सिनेमा पर अपनी फिल्म भैया जी से ही वापसी करेंगे। जब हमने मनोज से पूछा कि पहले कई फिल्में 100 करोड़ कमाती थीं, लेकिन अब ऐसा हो रहा है कि या तो फिल्में 200–400 करोड़ कमाएंगी या 50 करोड़ तक भी नहीं पहुंच पाएंगी। क्या दर्शकों की सोच में कुछ बदलाव महसूस कर रहे हैं? इसपर उन्होंने कहा, जब कोई फिल्म 400 करोड़ कमाती है तो आप उनकी लागत भी देखिए, जो काफी ज्यादा होती है। वहीं जब 12वीं फेल जैसी कोई फिल्म आती है, तो उसकी लागत भी कम होती है। अगर आप देखेंगे तो दोनों का बराबर ही रहेगा। बेशक 12वीं फेल ने 400 करोड़ ना कमाए हों, लेकिन अपने बजट के हिसाब से भी वह एक सफल फिल्म रही है।

### जब तक दर्शक थियेटर में जाकर देखेगा नहीं तो पता कैसे चलेगा

बकौल मनोज, हमें हमेशा यह देखना चाहिए कि कौन सी फिल्म ने कितना कमाया, उसके हिसाब से आप फिल्म को आंक सकते हैं। लेकिन मेरा यह भी मानना है कि जब तक दर्शक थियेटर में जाकर देखेगा नहीं तो आपको पता कैसे चलेगा कि फिल्म पसंद आई की नहीं। तो जरूरी है कि दर्शक फिल्म देखें।

उन्होंने आगे कहा, दर्शक ओटीटी पर देख रहे हैं और ओटीटी से ज्यादा अच्छा कॉन्टेंट कहीं नहीं है। जितने भी नए–नए डायरेक्टर, ऐक्टर, कहानियां ओटीटी पर आ रही हैं, इतने पहले कभी भी हमारे सिनेमा में नहीं आए। फिल्मों की एक अजीब बीमारी हो चुकी है कि मूवी अगर 200 करोड़ कमाए तो अच्छी फिल्म है, जो मुझे समझ नहीं आता है। जो फिल्म 5–7 करोड़ कमाती है, वो मैंने देखी हुई हैं और वो ज्यादातर फिल्में अच्छी होती हैं। अगर दर्शक ज्यादा से ज्यादा उन फिल्मों को देखने जाएंगे, तो इन फिल्मों को पैसे मिलेंगे और ऐसी फिल्में ज्यादा बनेंगी। बड़ी फिल्में देखने से अच्छा है कि लोग अच्छी फिल्म देखने जाएं।



## ऋचा चड्ढा से लेकर बॉबी देओल तक, छोटी भूमिकाओं के बाद भी स्क्रीन पर छाए ये सितारे

**फिल्म आनंद का एक डायलॉग जिंदगी बड़ी होनी चाहिए, लंबी नहीं काफी ज्यादा मशहूर हुआ था। यही बात किरदारों पर भी लागू होती है। आज हम आपको कुछ ऐसे अभिनेताओं के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्होंने कम स्क्रीन टाइम में भी अपनी अदाकारी से लोगों के दिलों पर अमिट छाप छोड़ी। आइए जानते हैं...**

### ऋचा चड्ढा

संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडीः द डायमंड बाजार की चर्चा इन दिनों हर तरफ हो रही है। इस शो में कई अभिनेत्रियों ने काम किया है, लेकिन ऋचा चड्ढा ने लज्जो के रूप में लोगों पर गहरा प्रभाव डाला है। इस वेब सीरीज में उनके अभिनय की लोग जमकर तारीफ कर रहे हैं। अपनी अदाकारी से उन्होंने इस छोटे से रोल में भी जान फूंक दी है।

### तृप्ति डिमरी



रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल बीते साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी। संदीप रेड्डी वंगा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में तृप्ति डिमरी कैमियो रोल में नजर आई थीं। फिल्म में अपने प्रदर्शन से उन्होंने लोगों का दिल जीत लिया था। इस फिल्म के बाद तृप्ति की लोकप्रियता में गजब का इजाफा देखने को मिला है।

### बॉबी देओल

एनिमल में बॉबी देओल भी कैमियो रोल में नजर आए थे। कम स्क्रीन टाइम के बावजूद अपनी एक्टिंग से उन्होंने लोगों के मन में अमिट छाप छोड़ी थी। फिल्म में उनका जमाल कुडू स्टेप काफी ज्यादा पसंद किया था। इस फिल्म के बाद बॉबी जल्द ही कंगुवा में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में वे नकारात्मक भूमिका में हैं।

### विक्की कौशल



राजकुमार हिरानी की डंकी में विक्की कौशल ने अपने किरदार से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। अपने सीमित स्क्रीन समय के बावजूद, विक्की ने अपनी भूमिका को गहराई और भावना से भर दिया था। वे जल्द ही छावा और बैड न्यूज जैसी फिल्मों में नजर आने वाले हैं।

## भारत को रिप्रेजेंट करने कान फिल्म फेस्टिवल के लिए रवाना हुई कियारा



**एक्ट्रेस कियारा आडवाणी 77वें कान फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लेने के लिए मुंबई से रवाना हो गई हैं। एक्ट्रेस को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर देखा गया। उन्होंने क्रीम कलर की आउटफिट और मैचिंग स्नीकर्स के साथ लाइट ब्राउन लॉन्ग जैकेट पहनी, साथ ही अपने बालों का बन बनाया हुआ था।**

कियारा 18 मई को कान में भारत को रिप्रेजेंट करेंगी और रेड सी फिल्म फाउंडेशन में वीमेन इन सिनेमा गाला का हिस्सा बनेंगी। वह कान में वैनिटी फेयर द्वारा आयोजित सिनेमा गाला डिनर में भी शामिल होंगी। ऐश्वर्या राय बच्चन, अदिति राव हैदरी और शोबिता धूलिपाला जैसी अन्य एक्ट्रेस भी इस साल कान फिल्म फेस्टिवल में होंगी। इस साल इस फेस्टिवल में भारत का उल्लेखनीय प्रतिनिधित्व है, जिसमें विभिन्न वर्गों के तहत सात फिल्में दिखाई जाएंगी। 30 सालों के बाद कान फिल्म फेस्टिवल में पाल्मे डीओर पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाली पहली फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया की फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट होगी, जिसकी 23 मई को फेस्टिवल में स्क्रीनिंग होगी। मलयालम फिल्म दो रूममेट्स की कहानी है जो एक अस्पताल में नर्स के रूप में काम करती हैं। प्यार और आत्म–खोज कैसे उनके दृष्टिकोण में बदलाव लाते हैं, यही कहानी का सार है।



## खुशी कपूर के साथ अनटाइटल्ड फिल्म की तैयारी



में आमिर के बेटे जुनैद खान बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान के बेटे जुनैद खान ने एक्ट्रेस खुशी कपूर के साथ अपनी तीसरी अनटाइटल्ड फिल्म की तैयारी शुरू कर दी है। प्रोडक्शन से जुड़े एक करीबी सूत्र ने कहा, 卐जुनैद ने पहले ही दो फिल्मों की शूटिंग पूरी कर ली है और अब वह अपने तीसरे प्रोजेक्ट के लिए तैयार हैं, जो पिछली दो फिल्मों से बहुत अलग है। उनकी अगली अनटाइटल्ड फिल्म में वह खुशी कपूर के साथ दिखेंगे, जिसको लेकर फैंस के बीच काफी उत्सुकता है। जुनैद ने अपने प्रोजेक्ट महाराजा और साईं पल्लवी के साथ अनटाइटल्ड फिल्म पूरी कर ली है। महाराजा कथित तौर पर 1862 के महाराजा लिबेल केस से प्रेरित है। इसमें जयदीप अहलावत और शारवरी वाघ भी हैं, कथित तौर पर जुनैद एक रिपोर्टर की भूमिका निभाएंगे। हालांकि, फिल्म की अन्य जानकारियां अभी भी गुप्त हैं।

## फिल्म इश्क विश्क रीबाउंड से डेब्यू करेंगी पश्मीना

रोहित सराफ, पश्मीना रोशन, जिबरान खान और नायला ग्रेवाल स्टारर फिल्म 'इश्क विश्क रीबाउंड' का टीजर रिलीज हो चुका है। टीजर में ट्विस्ट के साथ मॉर्डन लव की झलक मिली। यह फिल्म 2003 में रिलीज हुई शाहिद कपूर और अमृता राव स्टारर सुपरहिट फिल्म 'इश्क विश्क' की सीक्वल है।

### रोहित बोले– यह उस टाइप की कहानी नहीं

एक मिनट के इस टीजर की शुरुआत रोहित सराफ के डायलॉग से होती है। इसमें वो कहते हैं– 'कहते हैं जब किसी से प्यार हो जाए तो सबमें उसी का चेहरा दिखता है। यह उस टाइप की कहानी नहीं है।' इसके बाद टीजर में 4 दोस्तों के बीच दोस्ती, प्यार और लड़ाई की झलक दिखती है। रोहित के अपोजिट इस फिल्म से ऋतिक रोशन की कजिन पश्मीना रोशन बॉलीवुड डेब्यू कर रही हैं। वहीं फिल्म में जिबरान और नायला भी अहम रोल में होंगे।

### 21 जून को थिएटर्स में होगी रिलीज

इसे मराठी एक्टर–डायरेक्टर निपुण अविनाश धर्माधिकारी ने डायरेक्ट किया है। बतौर डायरेक्टर यह उनकी पहली हिंदी फिल्म है। फिल्म 21 जून को थिएटर्स में रिलीज होगी।

इश्क विश्क से शाहिद ने किया था बॉलीवुड डेब्यू
इससे पहले साल 2003 में रिलीज हुई इसी फ्रेंचाइज की पहली फिल्म इश्क विश्क से शाहिद कपूर ने बॉलीवुड डेब्यू किया था। फिल्म स्लीपर हिट थी। 5 करोड़ में बनी इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 12 करोड़ रुपए कमाए थे।





## धोनी के बारे में बोलीं जान्हवी कपूर

फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। ये क्रिकेट पर बेस्ड फिल्म है। कल यानी मंगलवार की शाम फिल्म के सॉन्ग लॉन्च इवेंट में जान्हवी कपूर और राजकुमार राव पहुंचे। मीडिया के साथ सवाल जवाब में उनसे स्रू धोनी से जुड़ा सवाल किया गया। जब उनसे पूछा गया कि वो महेंद्र सिंह धोनी के कितने बड़े फैन हैं और क्या उन्हें ये फिल्म दिखाएंगे? इस पर राजकुमार राव ने कहा– हम क्याज्पूरी दुनिया उनकी फैन है। हम उन्हें बहुत प्यार करते हैं। वहीं जान्हवी ने कहा– हम सभी उनके फैन हैं। उन्होंने हमारे देश के लिए बहुत कुछ किया है। मैं ये कहना चाहूंगी कि सिर्फ क्रिकेटर होने के नाते हम उनसे प्यार नहीं करते हैं। उनका मिजाज, उनके उसूल और वो जिस तरह के इंसान हैं, उनका पूरा व्यक्तित्व मुझे बहुत पसंद है।

जान्हवी ने कहा मुझे याद है एक बार धोनी ने अपने इंटरव्यू में कहा था– नतीजे के बारे में नहीं है, प्रोसेस के बारे में है। प्रोसेस को ईमानदारी ने निभाओगे, मेहनत करोगे तो नतीजा अपने आप दिख जाएगा। आपके मेहनत करने के बाद नतीजा ना भी दिखे तो फर्क नहीं पड़ता है। जान्हवी का कहना है कि फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' महेंद्र सिंह धोनी की इस लाइन पर बनी है। जान्हवी उम्मीद करती हैं कि वो फिल्म में इस बात को ठीक तरीके से दिखा पाएं। एक्ट्रेस ने कहा कि हम उन्हें और उनकी वाइफ साक्षी धोनी को ये फिल्म दिखाना चाहते हैं, लेकिन मुझे लगता है वो काफी बिजी होंगे।

बता दें, इस फिल्म में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर के बीच शानदार लव केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। दोनों की साथ में यह दूसरी फिल्म है। इससे पहले उन्हें 2021 की फिल्म रूही में देखा गया। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' 31 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। जब उनसे पूछा गया कि धोनी की सबसे अच्छी क्वालिटी क्या लगती है? इस पर राजकुमार ने कहा– वो इतने बड़े लीजेंड हैं, लेकिन जिस तरह से वो टीम को लीड करते हैं, वो तारीफ के काबिल है। धोनी बहुत डाउन टु अर्थ और हंबल इंसान हैं। हमें उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उनके अंदर किसी भी हालात से डील करने की अच्छी समझ है। जान्हवी ने कहा– हाल ही में मैं उनसे एक फंक्शन में मिली थी। वहां कई लोग उनके साथ सेल्फी लेने आ रहे थे, लेकिन वो केवल सेल्फी देकर हट नहीं रहे थे बल्कि उन लोगों के साथ खड़े होकर बड़े ही तमीज से बात भी कर रहे थे। उनका औरा ही सबसे अलग है। ट्रेलर से मालूम पड़ता है कि यह एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जिसमें रोमांस भी देखने को मिलेगा।

## कांस फिल्म फेस्टिवल में फिल्म 'मंथन' की स्क्रीनिंग अटैंड करेंगे प्रतीक बब्बर

ऐश्वर्या राय, कियारा आडवाणी, अदिति राव हैदरी और शोभिता धुलिपाला के बाद अब जैकलीन फर्नांडीज, प्रतीक बब्बर और छाया कदम भी कांस फिल्म फेस्टिवल अटैंड करने जा रहे हैं।

### 'मंथन' के प्रीमियर में पहुंचेंगे प्रतीक बब्बर

जैकलीन, कियारा, अदिति  के अलावा इस साल प्रतीक बब्बर भी कांस में नजर आएंगे। प्रतीक वहां अपनी मां दिवंगत एक्ट्रेस स्मिता पाटिल की फिल्म 'मंथन' का प्रीमियर अटैंड करेंगे। प्रतीक भी गुरुवार को कांस रवाना हो चुके हैं। इस प्रीमियर में प्रतीक के साथ एक्टर नसीरुद्दीन शाह भी शामिल होंगे। वो 1976 में रिलीज हुई फिल्म 'मंथन' का हिस्सा थे। यह फिल्म इस साल कांस क्लासिक सिलेक्शन कैटेगरी में सिलेक्ट हुई है। कांस में इस साल फिल्म मंथन का प्रीमियर होगा। फिल्म में स्मिता पाटिल के अलावा नसीरुद्दीन शाह और गिरीश कर्नाड जैसे कलाकार अहम भूमिका में थे।

